हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री

14 चौक का सौंदर्यीकरण कर शहीद कौशल...



14 डा. रमन बोले- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पीडीएस...



# कम हो रही सहनशक्ति, दो महीने में 150 लोगों ने खाया जहर, 24 ने तोड़ दिया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

विपरीत परिस्थितियों एवं जीवन में आने वाली चुनौतियों से घबराकर लोग आत्मघाती कदम उठाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। केवल आंबेडकर अस्पताल में पिछले दो महीने में 150 लोग जहर खाकर इलाज के लिए पहुंचे। सही समय पर उपचार मिलने की वजह से 126 लोगों की जान बच गई, मगर 24 ने जान गंवा दी। विशेषज्ञों का कहना है कि थोड़ी चुनौती से लोग घबराने लगे हैं और उनकी सहनशक्ति कम होने की वजह वे आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। यह तो केवल राजधानी से जुड़े बड़े शासकीय अस्पताल का मामला है, यदि प्रदेशभर के सरकारी अस्पताल का मामला देखें, तो राज्य के अन्य सरकारी अस्पतालों की संख्या का अनुमान लगाया जाए, तो यह सैकड़ों में जा सकती है। आंबेडकर अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यदा कदा ही ऐसा कोई दिन जाता है, जब जहर सेवन अथवा किसी और तरीके से आत्महत्या के मामले सामने नहीं आते हों। यहां के आपातकालीन चिकित्सा विभाग में चौबीस घंटे उपचार की सुविधा दी जाती है, जहां कई बार पुलिस तो कई बार परिवार वाले गंभीर हालत में लोगों को इलाज के लिए लेकर आते हैं। शरीर में जहर का असर कम होने पर तत्काल उपचार के माध्यम से लोगों की जान बचा ली जाती है, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दुर्घटनावश जहर सेवन करने वाले 2 फीसदी

जहर सेवन के इन मामलों में केवल एक से दो प्रतिशत लोगों ने ही दुर्घटनावश जहर सेवन किया था और शेष ने किसी ना किसी परेशानी अथवा मिली नाकामी की वजह से आत्मघाती कदम उठाया था। मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञ डीएस परिहार का कहना है कि वर्तमान की तनावभरी जिंदगी से लोग अवसाद का शिकार हो रहे हैं। मिलने वाली किभी तरह की नाकामी से वे इतने दुखी हो जाते है कि इसे लेकर अपना जीवन समाप्त करने जैसा कदम उठा लेते हैं।

**केवल आंबेडकर अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे मामले**

**सही समय पर पहुंचे हास्पिटल इसलिए 126 की बची जान**



### प्राथमिक स्तर पर उपचार की आवश्यकता

विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ते अवसाद के मामलों को रोकने के लिए मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में काउंसिलिंग और आवश्यक उपचार की व्यवस्था है मगर इसका विस्तार प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों तक किए जाने की जरूरत है।बदलती जीवनशैली में मानसिक अवसाद की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मनोचिकित्सकों की नियुक्ति कर वहां ऐसे लोगों की काउंसिलिंग, उपचार और जरूरी दवा की व्यवस्था की जानी चाहिए।




## 10 दिन के भीतर रेलवे शुरू करेगा ट्रेन का परिचालन

# बस से पहले राजिम पहुंचेगी ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा, अभनपुर लोकल का भी होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजिम रूट पर ट्रेन संचालन को लेकर रेलवे बोर्ड से रायपुर रेल मंडल को हरी झंडी मिल चुकी है। इसके बाद रेलवे प्रशासन ने परिचालन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। लगभग 10 दिनों के भीतर ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। इस रूट पर रायपुर से राजिम के लिए एक नई ट्रेन भी चलाई जाएगी, जिसकी मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ ही रायपुर-अभनपुर लोकल ट्रेन का विस्तार राजिम तक किया जाएगा। इससे यात्रियों को सुबह, दोपहर और शाम के समय राजिम, अभनपुर और नया रायपुर के बीच ट्रेनों की बेहतर सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों की संख्या ट्रेन में बढ़ेगी। वर्तमान में रायपुर से राजिम के बीच दिन में मात्र 50 से 60 यात्री ही सफर कर रहे हैं। फिलहाल इन ट्रेनों का ठहराव मंदिर हसौद, सीबोडी, केंद्री, अभनपुर और माणिकचौरी स्टेशनों में होगा। इधर, अभनपुर से धमतरी के बीच गेज कन्वर्जन का कार्य भी तेज़ी से चल रहा है। 15 किमी का काम शेष है, जिसे 31 अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके बाद धमतरी तक भी ट्रेन सेवा शुरू होने की संभावना है।

▶▶|शेष पेज 13 पर

**अभनपुर से धमतरी के बीच गेज कन्वर्जन का काम 31 अक्टूबर तक काम पूरा करने का लक्ष्य**



**सभी वर्गों को मिलेगा लाभ** : रेलवे के अनुसार सबकुछ ठीक रहा आज-कल में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। सुरक्षा आयुक्त की ओर से पहले ही ट्रायल रन की अनुमति दी जा चुकी है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की टाइमिंग इस तरह तय की गई है कि सुबह स्कूल और दफ्तर जाने वालों, दोपहर में लौटने वालों और शाम को सफर करने वालों सभी को इसका फायदा मिले।

### तीन मेमू ट्रेनों का संचालन

- पहली सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 04:45 बजे, राजिम आगमन: 06:20 बजे, राजिम से वापसी: 06:45 बजे, रायपुर वापसी: 08:02 बजे
- दूसरी सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 09:00 बजे, राजिम आगमन: 10:35 बजे, राजिम से वापसी: 11:10 बजे, रायपुर वापसी: 11:45 बजे
- अंतिम सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 16:20 बजे, राजिम आगमन: 18:00 बजे, राजिम से वापसी: 19:20 बजे, रायपुर वापसी: 20:15 बजे

# दिनभर सावन की झड़ी से प्रभावित जनजीवन, आज भी ऐसे ही असर की उम्मीद

- सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चला दौर मगर वर्षा केवल 10 मिमी.
- आगे बढ़ रहा पुराना सिस्टम, 28 से एक्टिव होगी नयी मौसम तंत्रिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुई बारिश शाम 4 बजे तक रिमझिम रूप में अनवरत रूप में जारी रही। इसका असर आम जनजीवन पर भी नजर आया। पांच घंटे बरसात हुई, मगर लालपुर वेधशाला में वर्षा की मात्रा 10 मिमी. दर्ज की गई। शनिवार को भी मौसम इसी तरह रहने और पुराने सिस्टम के आगे बढ़ने की उम्मीद है। 28 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में नयी मौसम तंत्रिका ▶▶|शेष पेज 13 पर

### यहां जमकर बरसे बादल

पिछले चौबीस घंटे में रघुनाथ नगर, सुकमा, बरपाली में 15-15 सेमी., बड़े बचेली, कुटरू में 13-13 सेमी., धरमजयगढ़, में 11, वाड्रफनगर, दंतेवाड़ा, शिवरीनारायण, जांजगीर, बलौदा में 10-10, बीजापुर, ओरछा, बिलाईगढ़, भैरमगढ़, नवागढ़, दरभा, बम्हनीडीह, भटगांव, बलरामपुर में 9-9 सेमी., छोटे डोंगर, गंगालूर, छिंदगढ़, पुसौर, धरमजयगढ़, सारागांव, कुआकोंडा, बरमकेला, कटघोरा में 8-8 सेमी., घरघोड़ा, मनेन्द्रगढ़, बास्तानार, मरवाही, सक्ती, अकलतरा, सक्ती में 7-7 सेमी. बारिश हुई।

## खबर संक्षेप



### गुड सेमेरिटन को एसएसपी ने किया सम्मानित

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले 13 गुड सेमेरिटन को एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने सम्मानित करते हुए लोगों को सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने आगे आने आव्हान किया। गुड सेमेरिटन के रूप में सम्मानित होने वाले राजेंद्र नगर के कुछ फर्ज हमारा भी है टीम के सदस्य नितिन सिंह राजपूत को सम्मानित किया है। नितिन और उनकी टीम ने पिछले महीने 17 जून को नवा रायपुर सेक्टर-2 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो साल के बच्चे, जिसकी सांसें थम गई थी, उसे सीपीआर देकर जान बचाई थी। साथ ही कार सवार गंभीर रूप से घायलों की मदद की थी।

### सट्टा खिलाते दो सटोरिए गिरफ्तार, पर्ची बरामद 1



**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग मामलों में दो सटोरियों को सट्टा खिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने सट्टा लिखा-पढ़ी की पर्ची जब्त की है। सट्टा खिलाने के आरोप में पुलिस ने मोटू नायक तथा रविंद्र रगड़े उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। दोनों सटोरियों को पुलिस ने मंगलबाजार, शुलभ कांप्लेक्स के पास सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है।

# 24 घंटे के भीतर दो हत्या ने पुलिस की उड़ाई नींद, दोनों मर्डर की वजह मामूली विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**विधानसभा थाना क्षेत्र में जुआ खेलने, मारपीट के पुराने विवाद पर तीन लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या की**

- बेंद्री में दो दोस्तों ने मामूली प्रेम प्रसंग विवाद पर अपने बचपन के मित्र की चाकू मारकर हत्या कर लाश बोरी में भर गिट्टी खदान में फेंकी

राजधानी के राखी तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो-दो हत्या की घटना ने पुलिस की नींद उड़ाकर रख दी। दोनों हत्या के मामलों का खुलासा होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। दोनों हत्या का कारण मामूली विवाद है। हत्या के दोनों मामलों में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। विधानसभा में हत्या की घटना में शामिल फरार दो बदमाशों की पुलिस पतासाजी कर रही है।

राखी थाना क्षेत्र के बेंद्री की गिट्टी खदान में बोरी में मिली दिनेश मानिकपुरी उर्फ मॉडल की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने मृतक के बचपन के मित्र साहेब दास मानिकपुरी तथा सोहन उर्फ पिंटू कंडरा को गिरफ्तार किया है। साहेब तथा पिंटू 20 जुलाई को दिनेश को अपने साथ ▶▶|शेष पेज 13 पर



### इस वजह से विवाद

जानकारी के अनुसार दिनेश मानिकपुरी उर्फ माडल ने अपने दोस्त साहेब दास की अपने गर्ल फ्रेंड से झूठ बोलकर पिटाई करवा दी थी। दिनेश ने अपनी गर्ल फ्रेंड को साहेब द्वारा उसके संबंध में गलत बातें बोलने की मनगढ़ंत बातें बताकर युवती से साहेब की पिटाई करवाई। इसके बाद से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। उसी बात को लेकर दिनेश तथा साहेब के बीच घटना दिनांक को बहस हुई। बहस के दौरान साहेब ने पिंटू के साथ मिलकर दिनेश की हत्या कर दी।

### जुआ विवाद पर तीन भाइयों ने मिलकर की युवक की हत्या

विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डू में गुरुवार देर रात देवेंद्र कुमार चंदवानी उर्फ राजा की हत्या के आरोप में पुलिस ने अर्जुन बैरागी को गिरफ्तार किया है। हत्या में शामिल अर्जुन के भाई डाडो तथा साहिल की पुलिस पतासाजी कर रही है। कटोरा तालाब निवासी देवेंद्र सड्डू स्थित बैरागी डेरा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### शराब के नशे में विवाद कर हत्या

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना दिनांक को देवेंद्र शराब के नशे में गौरा-गौरी चौक के पास खड़ा था। इस दौरान मौके पर नशे की हालत में अर्जुन पहुंचा और देवेंद्र पर जुआ खेलने के विवाद पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद अर्जुन ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर देवेंद्र पर हमला कर दिया। चाकू के हमले से देवेंद्र का हाथ कट गया। इस बीच मौके पर अर्जुन के भाई पहुंचे और उन लोगों ने भी देवेंद्र के साथ मारपीट की और अपने घर लौट गए। घटना के बाद देवेंद्र अपने घर से हॉकी, स्टिक लेकर अर्जुन के घर पहुंचा। देवेंद्र को ▶▶|शेष पेज 13 पर





## होटल में कमरे बुक कर चोरी छिपे परोसा जा रहा ड्रग्स

*वायरल वीडियो कुछ अरसा पूर्व का बताया जा रहा*

# 500 के नोट में पाउडर डालकर सूंघ रही युवती, ड्रग लेते वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के वीआईपी रोड से लेकर स्टेशन रोड के कई नामी होटलों में शराबखोरी आम बात है, लेकिन इनमें से कुछ होटलों में ड्रग पैडलर अपने ग्राहकों को ड्रग्स पहुंचाने का भी काम कर रहे हैं। पुलिस की चेतावनी के बाद भी इन होटलों में शराब के साथ प्रतिबंधित मादक पदार्थों की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे ही एक मामले में स्टेशन रोड स्थित एक होटल में युवती के पांच सौ रुपए में प्रतिबंधित सिंथेटिक एमडीएमए



ड्रग लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कुछ अरसा पूर्व का बताया जा रहा है। युवती जब प्रतिबंधित मादक पदार्थ का सेवन कर रही थी, इस दौरान किसी होटलकर्मी ने चुपके से मोबाइल पर वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

वायरल वीडियो में काले रंग की पेंट तथा प्रिंटेड टॉप पहने एक युवती होटल के कमरे में बैठकर अपनी जेब से ड्रग की पुड़िया निकालती है। इसके साथ ही वह जेब से पांच सौ रुपए का नोट निकालती है। नोट निकालने के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### होटल, फार्म हाउस में ड्रग खपाने वाला प्रोफेसर गैंग

पिछले वर्ष खम्हारडीह पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने मनी हाईट्स की तर्ज पर होटल तथा फार्म हाउस में ड्रग खपाने वाले प्रोफेसर गैंग का पर्दाफाश कर उसके कब्जे से 21 ग्राम एमडीएमए, 66 ग्राम कोकीन तथा ड्रग बिक्री की रकम 86 हजार रुपए जब्त किए थे। कोर्ट ने प्रोफेसर गैंग से जुड़े सभी चार आरोपियों को इसी वर्ष मई में पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

# नया रायपुर के सरकारी दफ्तर, क्रिकेट स्टेडियम, रेलवे स्टेशन सोलर से होंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

## क्रेडा की 10 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने करीब 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को भेजी है। योजना को मंजूरी मिलने के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। नया रायपुर के सभी सरकारी दफ्तर, क्रिकेट स्टेडियम, रेलवे स्टेशन भी इसमें शामिल हैं। देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में राजनांदगांव में बड़ा सोलर प्लांट लगा है। इसी के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में भी घरों की छतों पर बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। क्रेडा 20 हजार



सोलर कृषि पंप भी लगाने वाला है। इसी के साथ जल जीवन मिशन योजना में भी 28 हजार सोलर पंप लगाए गए हैं।

### बिजली की खपत के हिसाब से लगेंगे प्लांट

नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है। लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं। नया रायपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी है। क्रेडा ने एक योजना तैयार की है, जिसमें 10 मेगावाट बिजली का उत्पादन ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों से किया जाएगा। इस योजना में नया रायपुर को सोलर सिटी बनाया जाएगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, सभी शासकीय भवन, सभी शासकीय और निजी आवास, रेलवे स्टेशन, स्ट्रीट लाइट, पंप हाउस भी शामिल हैं। इसके लिए अलग-अलग क्षमता के सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। स्टेडियम में जितने किलोवाट की जरूरत होगी, उसके हिसाब से वहां पर प्लांट लगेगा। इसी तरह से अलग-अलग शासकीय भवनों में वहां बिजली की जरूरत को देखते हुए उतनी क्षमता के प्लांट लगेंगे। इसी तरह से निजी और शासकीय आवासों में भी आवासों में बिजली की खपत के हिसाब से सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। रेलवे स्टेशन और जो भी संस्थान और स्थान इस योजना में शामिल होंगे, सभी स्थानों में उनकी बिजली की खपत को देखते हुए प्लांट लगेंगे। सभी प्लांट के लिए अलग-अलग बजट बनाया जाएगा। अभी तो राज्य सरकार के पास योजना को मंजूरी के लिए भेजा गया है। राज्य सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अलग-अलग स्थानों के लिए अलग-अलग योजनाएं तैयार करके बजट बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### 15 परसेंटाइल पर नर्सिंग एडमिशन, स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** नर्सिंग में एडमिशन शुरुआत से ही राजपत्र के आधार पर 15 परसेंटाइल की न्यूनतम अहर्ता के साथ शुरू किए जाने की मांग प्रायवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। इसके अलावा प्रतिनिधियों ने प्रवेश नियम में संशोधन करने और एडमिशन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की है। मंत्री ने सारी समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उनसे मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में राकेश तिवारी, विशाल दीक्षित, महेंद्र चौबे, मोहन चंद्राकर, आशुतोष अवस्थी आदि

### मांझी बने राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त

**रायपुर।** राज्य सरकार ने बिपिन मांझी को राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस आशय का आदेश आज सहकारिता विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 के तहत राज्य शासन ने जारी किया है। श्री मांझी भारतीय प्रशासनिक सेवा (2009) के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। यह नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से दो वर्ष की अवधि तक के लिए रहेगी।

### आरती को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा मनोविज्ञान विषय साइकोसोसियल फैक्टरस एंड इंटरनेट यूजेज एमॉग एडोलेसेंट्स विषय पर आरती मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई



हे। उन्होंने अपना शोधकार्य रविवि मनोविज्ञान अध्ययनशाला की प्रोफेसर डॉ. प्रियम्वदा श्रीवास्तवके निर्देशन में पूर्ण किया। वे केशव प्रसाद शुक्ला एवं सरोज शुक्ला की पुत्री एवं डॉ. अश्वनी मिश्रा की पत्नी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों ने हर्ष जताया है।

## जिला पंचायत के उपाध्यक्ष-सीईओ के बीच जमकर हुई तकरार

# सामान्य प्रशासन की बैठक में गरमाया शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी का मुद्दा, तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य प्रशासन सभा की बैठक में शुक्रवार को शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के एजेंडे पर चर्चा हुई। इस चर्चा के दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति पर गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण में कई शिक्षकों को बिना आवश्यकता के जबरन स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसके विरोध में कई शिक्षक हाईकोर्ट भी गए हैं, वहीं कई शिक्षक को स्थानांतरण करने बाद संशोधन आदेश जारी कर पुनः उसी स्कूल में पदस्थ कर दिया गया है।

इस तरह की गड़बड़ी की शिकायतें मिलने के बाद जिला प्रशासन ने शिकायतों के निराकरण करने समिति गठित की थी, जिसका अध्यक्ष जिला पंचायत के सीईओ को बनाया था। वे पहले जिला स्तरीय समिति में सदस्य भी थे, जिसके कारण शिकायतों के निराकरण भी नहीं किए गए। इस आरोप के बाद सीईओ और उपाध्यक्ष के बीच लगभग आधे घंटे तक तीखी लंबी बहस चली। इस बहस को देखते हुए अध्यक्ष ने दोनों को एक-दूसरे के साथ बैठक की गरिमा का ध्यान रखने की समझाइश देकर शांत कराया।



### 3 एजेंडों पर हुई चर्चा

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल की मौजूदगी में हुई। बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों के अलावा सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। यह बैठक तीन एजेंडों के लिए बुलाई गई थी। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट अनुमोदन, वार्षिक लेखा व प्रशासन की वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के साथ शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट पर चर्चा शामिल थी। बजट और वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के बाद युक्तियुक्तकरण एजेंडे पर चर्चा हुई।

### 1422 स्कूलों में 389 किए गए मर्जर

युक्तियुक्तकरण के एजेंडे पर पेश की गई शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या कुल 1422 है। युक्तियुक्तकरण के तहत इनमें से 389 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय किया है। इसके बाद जिले में स्कूलों की संख्या घटकर 1033 हो गई है। जिन स्कूलों को विलय किया है, उनमें पदस्थ शिक्षकों को भी दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित कर पदस्थ किया है।

### गड़बड़ी नहीं हुई तो आदेश में संशोधन क्यों

उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बैठक में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों के स्थानांतरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला स्तरीय समिति ने सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों का स्थानांतरण किया है। इससे संबंधित आदेश जारी करने के बाद बड़ी संख्या में शिक्षकों का स्थानांतरण आदेश को निरस्त कर पुनः उसी स्कूल में पदस्थ कर दिया है।

### युक्तियुक्तकरण के कारण शिक्षक की मौत मामले में जांच की मांग

संदीप यदु ने बैठक में युक्तियुक्तकरण के कारण एक शिक्षक की मौत का मामला भी बैठक में उठाया। उन्होंने बताया कि ग्राम बुडेरा खरोरा निवासी गंगाधर कोसरिया (49) शासकीय बंगला प्राथमिक शाला माना कैंप में एलबी के पद पर पदस्थ थे। युक्तियुक्तकरण के तहत गंगाधर को हिन्दी प्राथमिक शाला माना कैंप में मर्ज किया। इस कारण उनका कार्यभार वर्ष 2009 की जगह वर्ष 2015 माना गया, जो त्रुटिपूर्ण व गलत था। इस गलत जानकारी के कारण ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने गंगाधर की सेवा को अतिशेष मानकर उन्हें कार्यभार से निष्कासित कर दिया। इस तनाव के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने इस मामले में भी जांच की मांग की है।

### अध्यक्ष ने आगामी बैठक में रिपोर्ट पेश करने दिए निर्देश

युक्तियुक्तकरण के एजेंडे पर गड़बड़ी का मुद्दा उठने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी को आगामी बैठक में कितने संशोधन आदेश जारी किए और कितने शिक्षक जिला समिति के आदेश के विरोध में हाईकोर्ट गए हैं, इसकी पूरी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# जिला पंचायत का वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा एवं एनआरएलएम के कार्यों पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 43463.08 लाख रुपए के बजट का अनुमोदन किया गया है। इस बजट को सामान्य सभा की बैठक में चर्चा के बाद पारित किया जाएगा।

इस बजट में सबसे ज्यादा फोकस राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में किया है। मनरेगा के लिए वित्तीय वर्ष में 18236.42 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के लिए भी 1464.19 लाख रुपए का प्रावधान किया है। इनके अलावा 15वें वित्त आयोग के लिए 9349.25 लाख रुपए, गौण खनिज रॉयल्टी पंचायती राज के लिए 6692.31 लाख रुपए, प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना स्कूल शिक्षा मद के लिए 1788.00 लाख तथा ग्राम एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारियों के मानदेय व सुविधा अनुदान के लिए 871.26 लाख का प्रावधान रखा है।



### सामान्य सभा की बैठक में पेश करेंगे बजट

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 43463.08 लाख रुपए का बजट अनुमोदन किया है। आगामी सामान्य सभा की बैठक में इसे पारित करने पेश करेंगे।

- **नवीन अग्रवाल**, अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर

### पीएम आवास के लिए 305.91 लाख का प्रावधान

इस बजट में केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भी 305.91 लाख रुपए का प्रावधान रखा है, वहीं स्वच्छ भारत मिशन के लिए 897.08 लाख रुपए का प्रावधान रखा है। जिला पंचायत विकास निधि, जनपद पंचायत निधि के लिए 538.97 लाख, सांसद आदर्श ग्राम-विधायक के लिए 24.12 लाख, श्रद्धांजलि योजना के लिए 133.17 लाख, त्रिस्तरीय पंचायत राज क्षमता के लिए 48.00 लाख, महात्मा गाांी रूरल इंड्रस्टील पार्क रीपा के लिए 360.00 लाख, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के लिए 51.75 लाख रुपए का प्रावधान किया है।

## केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर से मिले क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से छत्तीसगढ़ क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात में केंद्रीय मंत्री के साथ सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सार्थक चर्चा हुई। प्रदेश में कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 20,000 सोलर पंप स्वीकृत करने का आग्रह किया गया। साथ ही अन्य सौर परियोजनाओं के स्थापना एवं विस्तार पर केन्द्र शासन से आवश्यक सहयोग करने का निवेदन किया गया। श्री खट्टर ने सहजता से सारे विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर निर्णय करने के लिए आश्वस्त किया। क्रेडा ने प्रदेश सरकार के माध्यम से प्रदेश के किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा है। पहले प्रदेश सरकार की सौर सुजला योजना में सोलर कृषि पंप लगाए जाते थे, लेकिन अब यह योजना बंद कर दी गई है। अब पीएम कुसुम योजना में ही प्रदेश में सोलर कृषि पंप लगेंगे।

## बिलासपुर के बिल्डर पर रेरा ने कसा शिकंजा, जमीन, मकान की बिक्री पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने बिलासपुर स्थित लोविना कोर्ट्स परियोजना में भूखंडों और मकानों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। बताया गया है कि प्रमोटर को प्रोजेक्ट के अंतर्गत आवंटियों से प्राप्त कुल राशि का कम से कम 70 प्रतिशत भाग एक अलग बैंक खाते में रखना अनिवार्य है। इस राशि का उपयोग केवल निर्माण कार्य और भूमि की लागत जैसे निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है। यह व्यवस्था घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा और धन के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए की गई है।

### किया है नियम का उल्लंघन

प्राधिकरण ने पाया कि लोविना कोर्ट्स प्रोजेक्ट के प्रमोटर द्वारा इस नियम का उल्लंघन किया गया है, जिससे वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं, परिणामस्वरूप, सीजी रेरा ने परियोजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार की नई खरीद-फरोख्त, पंजीयन या लेन-देन पर रोक लगा दी है।

### समाधान होने तक रहेगी रोक

सीजी रेरा के अनुसार यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि प्रमोटर द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उल्लंघनों का समाधान नहीं किया जाता और प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति नहीं कर दी जाती।




## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# सरकारी सेवक शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड में 6 माह के वेतन से अधिक निवेश करें तो देना पड़ेगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक या कुटुंब के किसी सदस्य के नाम से एक कैलेंडर वर्ष के दौरान शेयर, प्रतिभूति, म्यूचुअल फंड या अन्य निवेश में कुल लेनदेन 6 माह के मूल वेतन से अधिक करते हैं, तो उन्हें राज्य सरकार को इसका हिसाब देना होगा। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

यह आदेश शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर और सभी जिला पंचायतों के सीईओ को पालन करने के लिए भेजा है। खास बात ये है कि यह नियम लागू करने के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1965 में संशोधन किया है।



### चल संपत्ति के लिए अब ये नियम

सामान्य प्रशासन विभाग ने इसी आदेश में ये भी कहा है कि शासकीय सेवक जंगम संपत्ति (मूवेबल प्रॉपर्टी) के संबंध में उसके द्वारा या उसके कुटुंब के किसी सदस्य के नाम से अपने आपको आबद्ध किए गए प्रत्येक लेनदेन की रिपोर्ट विहित अधिकारी को करेगा, यदि संपत्ति का मूल्य 2 माह के वेतन से अधिक है। सरकार ने ये भी साफ किया है कि शेयरों, प्रतिभूतियों या अन्य निवेशों की बार-बार खरीदी बिक्री को आचरण नियम का उल्लंघन माना जाएगा। सबंधित शासकीय सेवका छत्तीसगढ़ सिविल सेवा के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का भागीदार होगा।

### सरकार को देनी होगी ये जानकारी

राज्य सरकार ने शेयर, प्रतिभूति, डिबेंचर, व म्युचुअल फंड या अन्य निवेश में 6 माह के मूल वेतन से अधिक का निवेश करने वाले कर्मियों से एक प्रोफार्मा में यह जानकारी देने कहा है। कर्मचारी - अधिकारी का नाम, पदनाम, संबंधित सेवा और संवर्ग, कर्मचारी पहचान कोड संख्या, वेतनमान और वर्तमान वेतन, कैलेंडर वर्ष के दौरान शेयर, प्रतिभूतियों, डिबेंचर या अन्य निवेश आदि में किए गए प्रत्येक लेनदेन का विवरण, उस पक्ष,फर्म का विवरण जिसके साथ लेनदेन किया गया है। यह जानकारी भी देने है कि क्या पक्ष आवेदक से संबंधित है? क्या आवेदक का अपनी आधिकारिक हैसियत से किसी भी समय उक्त पक्ष के साथ कोई लेन-देन रहा है या क्या निकट भविष्य में आवेदक का उसके साथ कोई लेन-देन होने की संभावना है? स्रोत जिनसे वित्त पोषण हुआ। यदि व्यक्तिगत बचत है, तो उसका विवरण, यदि अन्य स्रोत है, तो उसका विवरण, कोई अन्य प्रासंगिक तथ्य जिसका उल्लेख आवेदक करना चाहे।

# आत्मानंद विद्यालय में अब विद्यार्थियों को पढ़ाई यू शेप पर बैठकर कराई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में विद्यार्थियों और शिक्षकों के संवाद को बेहतर बनाने के लिए बैठक व्यवस्था में बदलाव किया गया है ।अब छात्र यू आकार के शेप में बैठने लगे हैं। जिससे दूसरी और तीसरी पंक्ति में बैठने की समस्या समाप्त हो गई है ।इस बदलाव से हर विद्यार्थी पहली कतार में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं ।साथ ही शिक्षक भी स्पष्ट रूप से संवाद कर रहे हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास और सक्रियता बड़ी है ।इस नई व्यवस्था में सभी बच्चे ध्यान से पढ़ने और बेझिझक सवाल पूछते नजर आ रहे हैं।

- अब छात्रों पंक्तियों में नहीं बैठाया जाएगा, सभी रैंक समान होने की भावना का होगा विकास



## बैक बेंचर्स का भेद समाप्त होगा

जिससे बैक बेंचर्स का भेद समाप्त हो गया है। प्रभारी प्राचार्य जी के वर्मा ने बताया कि इस प्रकार की व्यवस्था से शिक्षकऔर छात्रों में जुड़ाव बढ़ा है और वह हर छात्र पर पूरा ध्यान दे पा रहा है, क्योंकि इससे सबको बराबर अवसर प्राप्त होता है।यू शेप व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सभी छात्र एक दूसरे और शिक्षक का सामना कर पाते हैं। जिससे बातचीत और सहयोग को बढ़ावा मिलता है।इसके अलावा यू शेप क्लास के बीच में खुली जगह मिल जाती है जहां कई तरह के रोल प्ले, साइंस एक्सपेरिमेंट और दूसरी इंटरएक्टिव एक्टिविटी भी हो सकती है।साथ ही प्रभारी प्राचार्य यह भी बताया कि यह बैठक व्यवस्था उन कक्षाओं में कारगर साबित होगी जहां बच्चों की संख्या कम है। और क्लास रूम का साइज बड़ा है ।इस बदलाव से छात्रों में भी आत्मविश्वास का भाव जगा है। पहले यह माना जाता था कि जिन बच्चों में आत्मविश्वास की कमी होती है वह पीछे बैठ जाते हैं,लेकिन नई व्यवस्था से सभी बच्चे अब सामने आ गए हैं जिससे बच्चों का डर और झिझक भी समाप्त हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### सहमति नहीं बनने पर पालिका पीआईसी भंग

**तिल्दा नेवरा।** शुक्रवार को दोपहर नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई जिसमें 11 मुद्दे रखे गए थे जिस पर चर्चा हुई और सभी मुद्दे सर्वसम्मति से पारित किए गए, वहीं पिछले बैठक के कुछ मुद्दों को लेकर इस बैठक में भी चर्चा की गई। बताया जाता है कि छह मुद्दे थे जिस पर चर्चा की गई साथ ही कुछ मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा पीआईसी को भंग कर दिया गया ।पीआईसी का गठन अब नए सिरे से बाद में किया जाएगा , बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा सहित सभी पाषर्दगम उपस्थित हुए।

### शराब की ओवररेट बिक्री कलेक्टर से शिकायत की

**आरंग।** स्थानीय देशी शराब दुकान में शराब की बिक्री निर्धारित दर से अधिक कीमत पर की जा रही है, जिससे मंदिरा प्रेमी ठगे जाने को मजबूर हैं। दुकान संचालक द्वारा पौवा पर 10, अद्धा पर 20 और बॉटल पर 30 अतिरिक्त वसूला जा रहा है। शराब लेने आने वाले उपभोक्ताओं की मानें तो शिकायत करने पर शराब न देने या बदसलूकी की धमकी दी जाती है, जिससे लोग चुपचाप अधिक पैसे देकर शराब खरीदने को विवश हैं। आबकारी विभाग की नज़रें या तो मूंद ली गई हैं या फिर मिलीभगत के संदेह से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की मानें तो इस गैरकानूनी वसूली से रोजाना लाखों रुपये की अवैध कमाई हो रही है, जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है।

### मंत्री टंकराम से पालिका अध्यक्ष ने की मुलाकात

**तिल्दा नेवरा।** हरेली पर्व पर पालिका अध्यक्ष पहुंची रायपुर मंत्री निवास में नगरीय प्रशासन मंत्री से की मुलाकात । हरेली पर्व पर रायपुर में मंत्री टंक राम वर्मा के निवास पर कार्यक्रम आयोजित था जहां पर तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा उपस्थित हुई वहां पर वे नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर हरेली पर्व की बधाई दी , साथ ही कुछ मुद्दों पर उनसे विचार विमर्श चर्चा भी की।

विडंबना : 14.25 करोड़ की लागत से बना पुल 12 साल में कंडम

# महानदी समोदा-अछोला पुल हुआ जर्जर आवागमन में परेशानी, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग में महानदी पर समोदा और अछोला को जोड़ने वाला, 14.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय सेतु, जिसका उद्घाटन 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बड़े उत्साह के साथ किया था, आज जर्जर हालत में पहुंच चुका है। उद्घाटन के केवल 12 साल बाद ही इस पुल में गहरी दरारें दिखने लगी हैं, जिससे इसके निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुल के दोनों ओर से गुजरने वाले ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कई जगहों पर दरारें इतनी गंभीर हैं कि भारी वाहनों के गुजरने पर पूरा पुल कांपता है। लोग डर के साए में पुल पार करने को मजबूर हैं, क्योंकि यह पुल अब केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्रीय जनता की रोजमर्रा की जीवनरेखा बन चुका है।







### प्रशासनिक लापरवाही और बढ़ते खतरे

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ सालों में पुल की हालत लगातार बिगड़ती गई है। प्रशासनिक लापरवाही और मरम्मत कार्यों की उपेक्षा के चलते आज यह पुल किसी भी दिन गंभीर हादसे का कारण बन सकता है. लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि इसकी मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का काम जल्द नहीं किया गया, तो यह पुल भी देश में हुई अन्य पुल दुर्घटनाओं की सूची में शामिल हो सकता है. किसान, व्यापारी, विद्यार्थी, महिलाएँ और बच्चे सहित सभी वर्ग के लोग इस पुल से रोजाना आवागमन करते हैं। एक ग्रामीण ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए मीडिया को बताया, हम हर दिन जान हथेली पर रखकर इस पुल से गुजरते हैं। डर लगता है कि कहीं पुल धँस न जाए, लेकिन कोई विकल्प नहीं है।

### उच्च स्तरीय जांच और तत्काल मरम्मत की मांग

यह वही पुल है, जिसका निर्माण कार्य 2013 में पूरा हुआ था और जिसका उद्घाटन डॉ. रमन सिंह ने बतौर मुख्यमंत्री एक भव्य समारोह में किया था। उस समय इसे क्षेत्रीय विकास की एक बड़ी उपलब्धि माना गया था, लेकिन सिर्फ एक दशक बाद ही इसकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से माँग की है कि पुल की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच मरम्मत कर लोगों को राहत प्रदान की जाए। एक समय क्षेत्रीय विकास की पहचान रहा यह पुल आज खतरे का कारण बन गया है। यह आवश्यक है कि अब इसे नजरअंदाज न किया जाए, अन्यथा यह उपेक्षा किसी बड़े हादसे में बदल सकती है।

# 57 विद्यालय के शिक्षकों को गणित व अंग्रेजी विषय पर केंद्रित प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपर्क फाउंडेशन के तत्वाधान में संपर्क फाउंडेशन के द्वारा 57 विद्यालय के शिक्षकों को गणित एवं अंग्रेजी विषय पर फोकस करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर रागिनी मेहरा व बिमलेश पांडे ने शिक्षकों से जानकारी शेयर करते हुए कहा कि यह डिवाइस शिक्षण कार्य में शिक्षकों एवं बच्चों दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं रोचक है तथा इसमें एससीईआरटी टेक्स्ट बुक से मैप्ड है तथा इसे नेटफ्लिक्स ऑफ एजुकेशन के नाम से जाना जाता है जो कि ऑफलाइन मोड में चलता है तथा इसमें कक्षा एक से कक्षा 5 तक सभी विषय के वीडियो, लेसन प्लान एवं शैक्षिक कंटेंट शामिल है। इसके उपयोग से शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने में तेजी से मदद मिलती है एवं बच्चे भी उत्साहित होकर एलईडी टीवी के माध्यम से सीखते हैं एवं इसमें कहानी के साथ-साथ प्रश्नोत्तरी भी शामिल है तथा यह डिवाइस कॉम्पिटेटिव एग्जाम के लिए भी बहुत हेल्पफुल है। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने कहां की संपर्क फाउंडेशन का मुख्य सिद्धांत शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाना है एवं यह ऐसी प्रणाली विकसित करता है जिससे सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा में बेहतर एवं उत्कृष्ट परिणाम पाए जा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रभावी शिक्षण की दिशा में इसके डिवाइस अत्यंत प्रभावी है तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा ने संपर्क फाउंडेशन की इस जागरूकता भरी पहल को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर 57 विद्यालयों के शिक्षकों को संपर्क गणित प्रोजेक्ट एवं अंग्रेजी डिवाइस प्रदान किए गए तथा इस प्रशिक्षण में संकुल समन्वय गण हरीश दीवान, जितेंद्र शुक्ला, अमित अग्रवाल, किशोर शर्मा, कुलेश्वर साहू, पंकज ध्रुव एवं संध्या चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, राजेश साहू, जितेंद्र मिश्रा, माधुरी चंद्राकर, नीलू देवांगन, संगीता चंद्राकर, रामनारायण कन्नौजे, सत्येंद्र शर्मा, ओंकार वर्मा, कुलेश्वर यादव आदि शिक्षकों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण का समापन प्रेरणा गीत से किया गया।

## पेज 09 के शेष...

### कम हो रही...

मगर कई बार मामला देर से अस्पताल पहुंचने की वजह से मौत भी हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल में आपात स्थिति में 88 लोग जहर खाकर अस्पताल पहुंचे थे, जिसमें 78 लोगों को सही समय पर इलाज मिला और उनकी जान बच गई और 10 लोगों की मौत हुई। वहीं जुलाई में 62 लोग जहर सेवन के बाद अस्पताल लाए गए, जिसमें से 14 लोगों की जान चली गई और बाकी को इस आफत से बाहर निकाल लिया गया।

### बस से पहले...

1 घंटे 30 मिनट में रायपुर से राजिम रायपुर से राजिम के बीच शुरू हुई नई ट्रेन सेवा यात्रियों के लिए राहत लेकर आई है। अब इस मार्ग पर सफर न सिर्फ तेज होगा, बल्कि सस्ता भी। जहां बस से यह दूरी तय करने में करीब 2 घंटे और 50 रुपये का खर्च आता था, वहीं ट्रेन से यह सफर सिर्फ 1 घंटा 30 मिनट में पूरा हो सकेगा। ट्रेन का किराया 20 से 25 बीच होगा। खास बात यह है कि छोटे स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव सिर्फ 2 मिनट का होगा, जिससे यात्रा और भी आसान व सुविधाजनक बनेगी।

### दिनभर सावन की...

सक्रिय होगी, जिससे बारिश का दौर चलेगा। अभी सक्रिय मौसम तंत्रिका धीरे-धीरे झारखंड की ओर आगे बढ़ रही है। यह सिस्टम भी काफी ताकतवर था मगर साथ सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ज्यादा असर नहीं दिखा पाया। इसके प्रभाव से शुक्रवार को राजधानी में दिनभर मौसम बदला रहा और बारिश होती रही। छाए बादलों के भारी रूप में काफी देर तक बरसने की उम्मीद थी, मगर हल्के से मध्यम रूप में शुरू हुई वर्षा रफ्तार पकड़ने के बजाए धीमी दौर पर काफी लंबे समय तक अपना असर दिखाती रही। सुबह से शाम तक चली बारिश ने सावन की झड़ी का अहसास करा दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक अवदाब पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा, झारखंड की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जम्मू, चंडीगढ़, बरेली, गोरखपुर, पटना, बांकुरा, कोलकाता तक स्थित है। द्रोणिका हरियाणा और उसके आसपास अवदाब के केंद्र तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड, उत्तर ओडिशा तक मौजूद है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास विस्तारित है। भारी से अति वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग के जिले और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले संभावित है, शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का प्रभाव रहने की उम्मीद है।

### 24 घंटे के भीतर...

एक्टिवा में बैठाकर गिट्टी खदान लेकर गए, वहां तीनों ने शराब पी। शराब पीने के बाद दिनेश की गर्ल फ्रेंड को लेकर दिनेश तथा साहेब के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान साहेब तथा पिंटू ने चाकू निकालकर दिनेश का गला रेतने के बाद उसके पेट में वार कर दिया। चाकू के वार से दिनेश की अतड़ियां बाहर आ गईं। साक्ष्य छिपाने बदमाशों ने चेहरे को पत्थर से कुचलकर लाश बोरी में भर कर पानी में फेंक दी और मौके से फरार हो गए। परिजनों ने 23 जुलाई को दिनेश की थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### जुआ विवाद पर तीन...

में अपनी मुंहबोली बहन के यहां रहता था। वह वहां अपनी बहन के साथ मिलकर फैंसी सामान बेचने का काम करता था। घटना के एक सप्ताह पूर्व अर्जुन तथा देवेंद्र के बीच जुआ खेलने को लेकर विवाद हुआ था।

### शराब के नशे में...

अपने घर पहुंचा देख अर्जुन तथा उसके भाइयों ने घर की छत से देवेंद्र के सिर पर सीमेंट का पोल गिरा दिया। सीमेंट पोल गिरने से देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 500 के नोट में...

बाद उसे दो किनारों में फोल्ड कर बीच में पावडर डाल कर सूंघती है। इस दौरान युवती वायरल वीडियो में अपने मोबाइल का स्पीकर ऑन कर बेड में रख कर किसी से बात करती दिख रही है। आशंका जताई जा रही है, युवती जिस ड्रग का सेवन कर रही है वह एमडीएम हो सकता है।

## बैस को उपराष्ट्रपति बनाने की मांग पीपीसी अध्यक्ष बैज ने की

**आरंग।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर रायपुर लोकसभा के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश बैस को रिक्त हो रहे उपराष्ट्रपति पद के लिए मनोनीत किए जाने की मांग ने राजनीतिक हलचलों को तेज कर दिया है।

बैज का यह पत्र सोशल मीडिया व राजनीतिक गलियारों में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसकी गूंज राजधानी रायपुर से लेकर आरंग विधानसभा क्षेत्र के गांव, चौपाल, होटलों व पान ठेलों तक सुनाई दे रही है। दीपक बैज ने अपने पत्र में रमेश बैस की सादगीपूर्ण छवि, लंबा राजनीतिक अनुभव, सांसद के रूप में सात बार की सेवा तथा राज्यपाल जैसे गरिमामयी पदों पर निष्पक्ष कार्यशैली को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि श्री बैस को देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन कर राष्ट्र को उनके अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। इस मुद्दे ने आमजन में भी खासा उत्साह पैदा किया है।

# महिलाओं ने की सावन उत्सव में भगवान कृष्ण की पूजा



**आरंग।** आरंग में जागृति महिला मंडल गुप्ता समाज के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर आरंग में सावन उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राधाकृष्ण जी की सामूहिक पूजा आरती कर किया गया। साथ ही श्री राधाकृष्ण जी को झूला भी झुलाया गया। पदाधिकारियों के पारम्परिक स्वागत के बाद जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा ने अपने उद्बबोधन में महिला मंडल के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।सावन उत्सव में सभी महिलाएं फ्लोरल साड़ी व हरी चूड़ियां पहनकर तथा मेहंदी लगाकर शामिल हुई थी। सावन उत्सव में महिलाओं के लिए अनेक आयोजन किये गए थे। जिसमे मनोरंजक गेम के अंतर्गत माचिस के डिब्बे में हरी वस्तुएं भर कर लाना था अधिकतम 52 वस्तुएं भर कर लाने वाली विजेता बनी। सुंदर नृत्य के साथ साथ सावन पर आधारित गीत भी गाए गए। शोभा गुप्ता सावन क्वीन चुनी गई। कार्यक्रम के समापन में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कर्णिका की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारी ममता, ज्योति, मंजू, सविता, अंजनी, राजेश्वरी, शारदा, रूपाली, सांस्कृतिक सचिव धात्री, सौम्या गुप्ता ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 202505114000051/अ-6-अ/ वर्ष 2024-25
ग्राम केन्द्री प.ह.नं. 16

**सूचना पत्र/नोटिस**

प्रति,
श्रीराम गुप्ता पिता आर.एस. गुप्ता, निवासी-कटोरा तालाब रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार पिता मोरेश्वर सिन्हा उर्फ गोवर्धन सिन्हा निवासी ग्राम केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम केन्द्री, प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ. ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.0570 हे. राजस्व अभिलेख खसरा पांचसाला वर्ष 1999-2000 से 2003-04 में रामकुमारी भूमिस्वामी दर्ज है। तथा खसरा पांचसाला वर्ष 2009-10 से 2013-14 में आवेदक नंदकुमार वगैरह के नाम पर दर्ज है। खसरा पांचसाला वर्ष 2016-17 से 2020-21 में ललित अग्रवाल दर्ज हो गया था जिसे पटवारी ने काटकर नंदकुमार, रेखराम, दुर्गासरण पिसरान मोरेश्वर का नाम दर्ज किया पुनः खसरा पांचसाला वर्ष 2016-17 के कॉलम (3 ए) में खुमान पिता भनु के नाम पर दर्ज किया गया है। खसरा पांचसाला वर्ष 2021-22 से 2025-26 में खुमान साहू के नाम पर दर्ज है। वर्तमान बी-1, पी-2 वर्ष 2023-24 में भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.0560 हे. अनावेदक श्रीराम गुप्ता पिता आर.एस. गुप्ता के नाम पर दर्ज है। भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.0570 हे. आवेदक नंदकुमार को उनकी माता रामकुमारी से प्राप्त हुआ था जो कि राजस्व रिकॉर्ड में पहले खुमान पिता भनु एवं बाद में श्रीराम गुप्ता पिता आर.एस. गुप्ता के नाम पर दर्ज त्रुटि किया गया। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख बाबत आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ। तत्संबंध में इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202505114000051/ अ-6(अ)/ 2024-25 वर्ष विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 31/07/2025 को नियत है। उक्त प्रकरण में आप अनावेदक/भूमिस्वामी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः सुनवाई दिनांक 31/07/2025 को आप स्वयं अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता अथवा अधिवक्ता के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार अभनपुर

**// ईश्तहार //**

नामंतरण प्र.क्र. 20202/न.पा.नि./ जोन क्रं 10 /2025 रायपुर, दिनांक 07-05-2025
वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651K15102 जो की निगम अभिलेख श्री Sumit Athwani पिता श्री Suresh Kumar Athwani के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Bharati Pujari पिता/ पति श्री/श्रीमती Rabindra Pujari ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है । यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा । सूचना जारी करे ।

**श्री विवेकानंद दुबे (जोन कमिश्नर) जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अनिल कुमार ध्रुव पिता श्री जी.एस. ध्रुव निवासी एच-17-18, लोकमान्य तिलक वार्ड 37, धरमपुरा 2, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.) ने वाके मौजा ग्राम डोमा प.ह.नं. 00084, रा.नि.मं. रायपुर-18 तह.व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नं.196/103 का रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि जो कि विक्रेता श्रीमती सुनिता अग्रवाल पति श्री कमल अग्रवाल निवासी मध्य नगरी चौक, मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) के, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि/ संपत्ति है, को क्रय करने बाबत पक्की बातचीत कर सौदा तय किया जा चुका है, तथा उक्त भूमि/ संपत्ति का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें । समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 25.07.2025

**भवदीय**
**मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह अधिवक्तागण, मोती नगर बोरिया रोड रायपुर, पो. सुन्दरनगर रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 98271 16487, 93002 96804, 98271 91198**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं.- सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक ईशान शर्मा पिता प्रवीण शर्मा निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 255/9 रकबा 0.046 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र............../ अ-12 वर्ष ............आदेश दिनांक ...........के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक **04/08/2025** को समय 12:30 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने । **राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं.- सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक श्रीमती सुनीता शर्मा पति प्रवीण शर्मा निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 318/31 रकबा 0.0450 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र............../अ - 12 वर्ष ............आदेश दिनांक ...........के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक **04/08/2025** को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने । **राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी**

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24x7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
ओपीडी 50% Off
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gmail.com

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का इलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन (MBBS, MS Surgery) Laparoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में गो-सेवकों की नियुक्ति संगठनात्मक विस्तार भी

**रायपुर।** भारतीय गौ क्रांति मंच, छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन बंजारी मंदिर गोशाला, गुरुकुल विद्यालय, में 20 जुलाई को संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर राज्य के 11 जिलों में बड़ी संख्या में गो-सेवकों की नियुक्ति की गई और विभिन्न पदों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठित रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोमाता की सेवा और रक्षा को आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि हरिभाई जोशी, मनमंत शर्मा, प्रेमशंकर गौतिया व गोपालजी सुल्तानिया शामिल हुए। इन सभी महानुभावों ने अपने अनुभवों एवं विचारों से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रांताध्यक्ष नवीन अग्रवाल और प्रांत महामंत्री राजा पांडेय की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही नामदेव राय प्रांत महामंत्री, राकेश केसरवानी प्रांत उपाध्यक्ष, अमरदीप शर्मा गो-रक्षा प्रदेश संयोजक, प्रीतम साहू गोसेवा प्रदेश संयोजक, सत्येन्द्र सिंह परमार प्रदेश प्रवक्ता, नितेश तिवारी मीडिया प्रभारी का सहयोग रहा।

## निधन

### आशीष मिश्रा



**रायपुर।** सुभाष नगर टिकरापारा निवासी आशीष मिश्रा (39) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 जुलाई को प्रातः 10 बजे स्थित निवास से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे तीरथ प्रसाद मिश्रा के पुत्र, नीरज मिश्रा, कल्पना मिश्रा और अल्पना मिश्रा के छोटे भाई थे।

### देवेंद्र चंदवानी



**रायपुर।** कटोरा तालाब गली नंबर 6 निवासी देवेन्द्र चंदवानी (राजा) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे भागचंद चंदवानी के पुत्र एवं सन्नी, नरेश, चंदन, गौतम चंदवानी के पिता थे।


**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 202505114000051/अ-6-अ/ वर्ष 2024-25
ग्राम केन्द्री प.ह.नं. 16

**सूचना पत्र/नोटिस**

प्रति,
श्रीराम गुप्ता पिता आर.एस. गुप्ता, निवासी-कटोरा तालाब रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार पिता मोरेश्वर सिन्हा उर्फ गोवर्धन सिन्हा निवासी ग्राम केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम केन्द्री, प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ. ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.0570 हे. राजस्व अभिलेख खसरा पांचसाला वर्ष 1999-2000 से 2003-04 में रामकुमारी भूमिस्वामी दर्ज है। तथा खसरा पांचसाला वर्ष 2009-10 से 2013-14 में आवेदक नंदकुमार वगैरह के नाम पर दर्ज है। खसरा पांचसाला वर्ष 2016-17 से 2020-21 में ललित अग्रवाल दर्ज हो गया था जिसे पटवारी ने काटकर नंदकुमार, रेखराम, दुर्गासरण पिसरान मोरेश्वर का नाम दर्ज किया पुनः खसरा पांचसाला वर्ष 2016-17 के कॉलम (3 ए) में खुमान पिता भनु के नाम पर दर्ज किया गया है। खसरा पांचसाला वर्ष 2021-22 से 2025-26 में खुमान साहू के नाम पर दर्ज है। वर्तमान बी-1, पी-2 वर्ष 2023-24 में भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.0560 हे. अनावेदक श्रीराम गुप्ता पिता आर.एस. गुप्ता के नाम पर दर्ज है। भूमि खसरा नंबर 527/1 रकबा 0.0570 हे. आवेदक नंदकुमार को उनकी माता रामकुमारी से प्राप्त हुआ था जो कि राजस्व रिकॉर्ड में पहले खुमान पिता भनु एवं बाद में श्रीराम गुप्ता पिता आर.एस. गुप्ता के नाम पर दर्ज त्रुटि किया गया। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख बाबत आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ। तत्संबंध में इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202505114000051/ अ-6(अ)/ 2024-25 वर्ष विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 31/07/2025 को नियत है। उक्त प्रकरण में आप अनावेदक/भूमिस्वामी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः सुनवाई दिनांक 31/07/2025 को आप स्वयं अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता अथवा अधिवक्ता के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर


# पैदल चलने वालों के लिए बनाएं ऐसा फुटपाथ जिसमें दिव्यांग भी चल सकें, सुप्रीम कोर्ट का आदेश, अमल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र की सड़कों पर फुटपाथ बनाएं। यह ऐसा हो कि उसमें दिव्यांग भी चल सकें। दरअसल फुटपाथ बनाने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश में कहा गया है कि याचिकाकर्ता द्वारा इस आवेदन के माध्यम से आवेदक ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। यह मुद्दा पैदल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित है। आवेदक ने बताया है कि (1) नागरिकों के उपयोग के लिए उचित फुटपाथ या पैदल पथ होना आवश्यक है। फुटपाथ ऐसे होने चाहिए जो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ और उपयोग योग्य हों और फुटपाथों पर अतिक्रमणकारियों का नवीनीकरण अनिवार्य है।

### फुटपाथ का उपयोग है संविधान का अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश के हवाले से कहा है कि इस न्यायालय के निर्णय से स्पष्ट है कि पैदल यात्रियों को फुटपाथ या पैदल पथ का उपयोग करने का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सुनिश्चित है। अच्छी हालत में फुटपाथ या पैदल मार्ग रखने का अधिकार निश्चित रूप से भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 का एक अभिन्न अंग है।



### फुटपाथ हो दिव्यांगों के अनुकूल

आदेश में कहा गया है कि मुख्य फुटपाथ बिना किसी रुकावट के उचित स्थिति में होने चाहिए और दिव्यांगजनों के अनुकूल होने चाहिए। हमारे अनुसार, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए यह निष्कर्ष निकलता है कि सभी सार्वजनिक सड़कों के किनारे, दिव्यांगजनों के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल फुटपाथों या फुटपाथों की उचित सुविधा होनी चाहिए। आवेदक ने भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) द्वारा निर्धारित मानकों और अन्य दस्तावेजों का हवाला दिया है। हम राज्यों और राज्य परिवहन निगमों को आज से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हैं।

### छत्तीसगढ़ में शुरू हुआ अमल

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद छत्तीसगढ़ में इस अमल शुरू कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकाय प्रमुखों को आदेश की प्रति के साथ इसके पालन के लिए कहा है। इसके साथ ही परिवहन विभाग ने लोक निर्माण विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भी इस आदेश से अवगत कराते हुए क्रियान्वयन के लिए कहा है।

## अमानक या मानक अब तक स्पष्ट नहीं, बोरियाखुर्द के कारोबारी ने मंगाया था

# तीन दिन से अटका पनीर का सैंपल, एफडीए ने रेलवे स्टेशन से जब्त किया था डेढ़ क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रेलवे स्टेशन से सोमवार को जब्त डेढ़ क्विंटल पनीर की जांच तीन दिन से आगे नहीं बढ़ पाई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने वहां से डेढ़ क्विंटल पनीर जब्त किया था और सैंपल जांच के लिए लैब भेजा था। बोरियाखुर्द के कारोबारी द्वारा मंगाया गया पनीर मानक है अथवा अमानक, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।


राखी के लिए कारोबारियों ने मंगाया था, इस बार 20 दिन पहले एक्टिव हुई टीम
खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई
रेलवे स्टेशन से 1535 किलो पनीर, बस स्टैंड से 450 किलो चीज जब्त, जांच के लिए उठाए गए सैंपल

उच्चस्तर के अधिकारियों की बैठक के एक दिन पहले सक्रियता दिखाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन का अमला सक्रिय हुआ और बस स्टैण्ड के साथ रेलवे स्टेशन में दबिश देकर चीज और भारी मात्रा में पनीर जब्त किया था। उस दौरान संदेह जताया गया था कि त्योहार के पहले शहर में आया करीब डेढ़ सौ क्विंटल पनीर अमानक हो सकता है, इस संदेह के आधार सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था और बाकी को एक डेयरी में रखकर सीज किया गया था। कार्रवाई को तीन दिन बीत चुके हैं, मगर अब तक आगे की कार्रवाई नहीं की गई है। जांच से जुड़े अधिकारियों कहना है कि सैंपल रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पनीर बोरियाखुर्द के डेयरी एवं मिठाई कारोबारी सौरभ शर्मा का बताया गया है। छापेमारी के बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा बरती जा रही चुप्पी के बीच जब्त पनीर की मात्रा घटने की चर्चा भी सामने आ रही है।

### औषधि विभाग के 600 सैंपल पेंडिंग

इसी दिन औषधि विभाग की टीम ने हैंडवॉश, फिनाइल के साथ कॉस्टमेटिक दुकानों में दबिश देकर जांच के लिए सैंपल उठाए थे। इनके सैंपल भी लैब में डंप हैं। इसकी जांच के लिए 6 एनालिस्ट का होना है, जिनके पास अभी करीब 6 सौ सैंपल डंप पड़े हैं। स्वास्थ्य सचिव के साथ हुई बैठक में जांच अधिकारियों की कमी का मामला सामने आया था। विभागीय अधिकारियों द्वारा मानव संसाधन की कमी को दूर करने का आश्वासन तो दिया था, मगर इस पर अब तक किसी तरह की ठोस पहल नहीं हुई है। विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए शासन से सहमति मिली है, मगर आगे की कार्रवाई पूरी नहीं हुई है।

# प्रधानमंत्री आवास कालोनी अमलीडीह में पाइप लाइन का होगा विस्तार, विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अमलीडीह स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी में पेयजल की समस्या जल्द दूर होगी। इस क्षेत्र में शुक्रवार को विधायक मोतीलाल साहू ने पेयजल पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, पार्षद विनय पंकज निर्मलकर भी मौजूद रहे।

### पानी टैंकर से मिलेगी मुक्ति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास कालोनी अमलीडीह में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई। गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा लोग पानी की समस्या से जूझते हैं। इस कालोनी में 377 परिवार निवासरत हैं। इन परिवारों को अभी तक टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति की जाती है, लेकिन अब यह समस्या जल्द खत्म होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत अमलीडीह में मोर मकान मोर आस योजना के तहत पेयजल व्यवस्था के लिए पाइप लाइन का विस्तार कार्य शुरू करने भूमिपूजन किया। पाइप लाइन विस्तार में 19.81 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। विधायक ने निगम अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि यहां रहने वाले परिवारों को भी जल्द से जल्द पानी मिल सके।

## पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल, महापौर करेंगी उद्घाटन



**रायपुर।** छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर के तत्वावधान में 5वें छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 27 जुलाई को सिंधी धर्मशाला लाखेनगर चौक में किया गया है एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार और महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे करेंगी, विशेष अतिथि पार्षद सरिता दुबे, सुमन पांडेय पार्षद नगर निगम, रूपेश रहांगडाले नेता विश्व हिंदू परिषद, समाजसेवी सतबीर सिंह जुनेजा, डॉ. मूलचंद पृथ्वानी अध्यक्ष सिंधी धर्मशाला, श्रवण ठाकुर सरपंच जामगांव करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी, विशेष अतिथि जोन-5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, पार्षद दीपक जायसवाल, मनोज वर्मा, बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल और जैतूसाव मठ व्यायाम शाला के अध्यक्ष रेवाराम यदु होंगे।

## पेज 11 के शेष

### कम हो रही...

मगर कई बार मामला देर से अस्पताल पहुंचने की वजह से मौत भी हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल में आपात स्थिति में 88 लोग जहर खाकर अस्पताल पहुंचे थे, जिसमें 78 लोगों को सही समय पर इलाज मिला और उनकी जान बच गई और 10 लोगों की मौत हुई। वहीं जुलाई में 62 लोग जहर सेवन के बाद अस्पताल लाए गए, जिसमें से 14 लोगों की जान चली गई और बाकी को इस आफत से बाहर निकाल लिया गया।

### बस से पहले...

1 घंटे 30 मिनट में रायपुर से राजिम रायपुर से राजिम के बीच शुरू हुई नई ट्रेन सेवा यात्रियों के लिए राहत लेकर आई है। अब इस मार्ग पर सफर न सिर्फ तेज होगा, बल्कि सस्ता भी। जहां बस से यह दूरी तय करने में करीब 2 घंटे और 50 रुपये का खर्च आता था, वहीं ट्रेन से यह सफर सिर्फ 1 घंटा 30 मिनट में पूरा हो सकेगा। ट्रेन का किराया 20 से 25 बीच होगा। खास बात यह है कि छोटे स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव सिर्फ 2 मिनट का होगा, जिससे यात्रा और भी आसान व सुविधाजनक बनेगी।

### दिनभर सावन की...

सक्रिय होगी, जिससे बारिश का दौर चलेगा। अभी सक्रिय मौसम तंत्रिका धीरे-धीरे झारखंड की ओर आगे बढ़ रही है। यह सिस्टम भी काफी ताकतवर था मगर साथ सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ज्यादा असर नहीं दिखा पाया। इसके प्रभाव से शुक्रवार को राजधानी में दिनभर मौसम बदला रहा और बारिश होती रही। छाए बादलों के भारी रूप में काफी देर तक बरसने की उम्मीद थी, मगर हल्के से मध्यम रूप में शुरू हुई वर्षा रफ्तार पकड़ने के बजाए धीमी दौर पर काफी लंबे समय तक अपना असर दिखाती रही। सुबह से शाम तक चली बारिश ने सावन की झड़ी का अहसास करा दिया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक अवदाब पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा, झारखंड की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जम्मू, चंडीगढ़, बरेली, गोरखपुर, पटना, बांकुरा, कोलकाता तक स्थित है। द्रोणिका हरियाणा और उसके आसपास अवदाब के केंद्र तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड, उत्तर ओडिशा तक मौजूद है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास विस्तारित है। भारी से अति वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग के जिले और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले संभावित है, शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का प्रभाव रहने की उम्मीद है।

### 24 घंटे के भीतर...

एक्टिवा में बैठाकर गिट्टी खदान लेकर गए, वहां तीनों ने शराब पी। शराब पीने के बाद दिनेश की गर्ल फ्रेंड को लेकर दिनेश तथा साहेब के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान साहेब तथा पिंटू ने चाकू निकालकर दिनेश का गला रेतने के बाद उसके पेट में वार कर दिया। चाकू के वार से दिनेश की अतड़ियां बाहर आ गईं। साक्ष्य छिपाने बदमाशों ने चेहरे को पत्थर से कुचलकर लाश बोरी में भर कर पानी में फेंक दी और मौके से फरार हो गए। परिजनों ने 23 जुलाई को दिनेश की थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### जुआ विवाद पर तीन...

में अपनी मुंहबोली बहन के यहां रहता था। वह वहां अपनी बहन के साथ मिलकर फैंसी सामान बेचने का काम करता था। घटना के एक सप्ताह पूर्व अर्जुन तथा देवेंद्र के बीच जुआ खेलने को लेकर विवाद हुआ था।

### शराब के नशे में...

अपने घर पहुंचा देख अर्जुन तथा उसके भाइयों ने घर की छत से देवेंद्र के सिर पर सीमेंट का पोल गिरा दिया। सीमेंट पोल गिरने से देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 500 के नोट में...

बाद उसे दो किनारों में फोल्ड कर बीच में पावडर डाल कर सूंघती है। इस दौरान युवती वायरल वीडियो में अपने मोबाइल का स्पीकर ऑन कर बेड में रख कर किसी से बात करती दिख रही है। आशंका जताई जा रही है, युवती जिस ड्रग का सेवन कर रही है वह एमडीएम हो सकता है।

# खाली पड़ा सागोन बंगला खंडहर में तब्दील, कई दूसरे सरकारी आवास भी बंद पड़े, नहीं किया जा रहा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में कई सरकारी बंगला एवं मकान खाली पड़े-पड़े खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। इनमें एक कटोरा तालाब स्थित सागोन बंगला भी है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिवंगत अजीत जोगी सह परिवार इस बंगले में रह चुके हैं। जोगी के निधन के बाद इस बंगले को शासन ने खाली कराया था। इसके बाद बंगला किसी को अलॉट नहीं किया है, जिसके कारण पिछले करीब दो साल से बंगला बंद पड़ा हुआ है। स्थिति यह है कि इस बंगले का इस्तेमाल नहीं होने से मेंटनेंस का काम भी बंद है, जिससे बंगला खंडहर का रूप ले चुका है।



### कई और भवन भी खंडहर हो रहे

सागोन बंगला के पास ही पीडब्ल्यूडी कालोनी में अन्य कई सरकारी भवन हैं। इनमें भी कुछ भवन खाली होने के कारण बंद पड़े हुए हैं। ये भवन सालों पहले बनाए गए थे। इन भवनों में से एक भवन में रेल एसपी श्वेता सिन्हा भी रह चुकी हैं। सालों पहले बने होने के कारण भवन की दीवारें जर्जर हो गई हैं। यही कारण है कि इस भवन को किसी अधिकारी को अलॉट भी नहीं किया है।

### कई विभाग के भवन जर्जर हो चुके, उन्हें शिफ्ट करने की आवश्यकता

जिले में कई विभाग के भवन जर्जर हो चुके हैं, उन्हें अब नए भवन में शिफ्ट करने की आवश्यकता है, लेकिन भवन नहीं मिलने के कारण उन्हें शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का दफ्तर जिस बिल्डिंग में संचालित है, वह बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। इस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के कमरों की दीवारों पर दरारें पड़ने के साथ परते उखड़ने भी लगी हैं। इसे देखते हुए विभाग ने शासन को दूसरे भवन के लिए प्रस्ताव भी भेजा हुआ है, लेकिन भवन की कमी के कारण अभी तक उसे दूसरा भवन अलॉट नहीं हो पाया है।


**HEALTH TOWN**

**आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक**
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

**निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** NMH 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

**रामकथा** आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

**मेल इंफर्टिलिटी**
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा

**डॉ. वैभव राज सिंह**
एमबीबीएस एम.एस.- लेजर व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laparoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410

**लेजर पाईल्स क्योर**
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी

**श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल** दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**// ईश्तहार //**

नामंतरण प्र.क्र. 20202/न.पा.नि./ जोन क्रं 10 /2025 रायपुर, दिनांक 07-05-2025
वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651K15102 जो की निगम अभिलेख श्री Sumit Athwani पिता श्री Suresh Kumar Athwani के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Bharati Pujari पिता/ पति श्री/श्रीमती Rabindra Pujari ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है । यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा । सूचना जारी करे ।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**:: आम सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अनिल कुमार ध्रुव पिता श्री जी.एस. ध्रुव निवासी एच-17-18, लोकमान्य तिलक वार्ड 37, धरमपुरा 2, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.) ने वाके मौजा ग्राम डोमा प.ह.नं. 00084, रा.नि.मं. रायपुर-18 तह.व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नं.196/103 का रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि जो कि विक्रेता श्रीमती सुनिता अग्रवाल पति श्री कमल अग्रवाल निवासी मध्य नगरी चौक, मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) के, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि/ संपत्ति है, को क्रय करने बाबत पक्की बातचीत कर सौदा तय किया जा चुका है, तथा उक्त भूमि/ संपत्ति का बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें । समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 25.07.2025

**भवदीय**
**मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह**
**अधिवक्तागण,**
**मोती नगर बोरिया रोड रायपुर, पो. सुन्दरनगर रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 98271 16487, 93002 96804, 98271 91198**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं.- सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक ईशान शर्मा पिता प्रवीण शर्मा निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 255/9 रकबा 0.046 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र................/ अ-12 वर्ष .............आदेश दिनांक ............के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक **04/08/2025** को समय 12:30 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने ।

**राजस्व निरीक्षक**
**सेरीखेड़ी**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 25.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं.- सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक श्रीमती सुनीता शर्मा पति प्रवीण शर्मा निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 318/31 रकबा 0.0450 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र................/अ - 12 वर्ष .............आदेश दिनांक ............के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक **04/08/2025** को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने ।

**राजस्व निरीक्षक**
**सेरीखेड़ी**

## खबर संक्षेप



### क्षेत्रीय भविष्यनिधि कार्यालय का जागरूकता शिविर

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना 1 अगस्त 2025 से लागू की जा रही है। इसको लेकर रोजगार प्रोत्साहन योजना की जानकारी प्रदान करने के लिए 25 जुलाई को क्षेत्रीय कार्यालय राजनांदगांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां सहायक निदेशक राजभाषा विकास शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में उपस्थित नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही इस योजना को सरकार का एक अच्छा प्रयास बताया, जिससे रोजगार में वृद्धि होगी। वहीं इस कार्यक्रम मे रायपुर के प्रभारी जयवदन इंगले, आयुक्त प्रवर्तन अधिकारी वीएस काकोडिया, हितेश कुमार तिवारी, योगिता साहू एवं अनुभाग पर्यवेक्षक अजय कुमार दिवान, आईबी ग्रुप से डॉ. निखिल राव शेलार, जीएम एचआर शशिकांत सिन्हा, वरिष्ठ प्रबंधक संजय खटायत, विनिर्माण प्रमुख सहित एचआर की टीम उपस्थित रहे।

### करपात्री महाराज का आज 118 वां प्राकट्य दिवस

**रायपुर।** धर्मसम्राट स्वामी करपात्री महाराज का 118वां प्राकट्य दिवस श्रावण शुक्ल द्वितीया तिथि शनिवार 26 जुलाई को श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी समेत पूरे देश में मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश में धर्मसंघ



पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी द्वारा पूरे प्रदेश की सभी इकाईयों द्वारा इस अवसर पर रुद्राभिषेक, वृक्षारोपण, गोशाला सेवा, अस्पतालों में फल वितरण, संगोष्ठी, संकीर्तन, हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यक्रम प्रांतीय कार्यालय, श्रीसुदर्शन संस्थानम रावांभाठा में आयोजित किया जाएगा।

# चौक का सौंदर्यीकरण कर शहीद कौशल यादव की भव्य मूर्ति होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ महतारी के लाल शहीद कौशल यादव के शहादस दिवस पर शुक्रवार को नगर निगम ने राजधानी रायपुर स्थित काली माता मंदिर के सामने उनके नाम पर रखे चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में शामिल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल हुए।

उन्होंने इस दौरान चौक का सौंदर्यीकरण कर शहीद कौशल की भव्य मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, सभापति सूर्यकांत राठौड़, आयुक्त विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की घोषणा

- साव ने कहा कि कौशल यादव 25 जुलाई 1999 में कारगिल युद्ध में भारत माता के सच्चे सपूत और छत्तीसगढ़ महतारी के लाल राष्ट्र की सेवा करते हुए वीर गति को हुए थे प्राप्त



### एक माह के भीतर होगी मूर्ति स्थापित

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम के दौरान मंच से महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर कालीमाता मंदिर के सामने चौक पर शहीद कौशल यादव की भव्य मूर्ति स्थापित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए जितनी राशि की आवश्यकता होगी, वह नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से निगम को तत्काल उपलब्ध करवा दी जाएगी। श्री साव ने कहा कि कौशल यादव 25 जुलाई 1999 में कारगिल युद्ध में भारत माता के सच्चे सपूत और छत्तीसगढ़ महतारी के लाल राष्ट्र की सेवा करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए थे। इसके पूर्व शहीद यादव ने दुश्मन देश पाकिस्तान के 12 घुसपैठी आंतकवादियों को मौत की नींद सुला दिया और भारत की कारगिल विजय की नींव वीरगति को प्राप्त होने के पूर्व रख दी। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के बाद से भारतीय सेना की युद्ध कौशल क्षमता लगातार बढ़ रही है, एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मन देश पाकिस्तान के 9 आंतकी केन्द्रो को पूरी तरह से ध्वस्त करते हुए पाकिस्तान की सेना और आतंकवादियों को सबक सिखलाया।

## संदीप शर्मा ने राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष का संभाला पदभार

# डा. रमन बोले- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पीडीएस सिस्टम का भरोसा किया खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में पीडीएस सिस्टम और उसकी विश्वसनीयता को खत्म कर दिया गया था। राज्य खाद्य आयोग संदीप शर्मा के नेतृत्व में विश्वसनीयता को फिर से बहाल करेगा। शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने पदभार संभाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश के पीडीएस सिस्टम को इंक्रीज करके पारदर्शिता व विश्वसनीयता को बहाल करने के लिए खाद्य आयोग को सभी राशन दुकानों की निरीक्षण करने की जवाबदारी है। प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, आदिवासी क्षेत्रों में चावल, नमक, चना का वितरण कर रहे हैं।

हमारा विभाग पूरी ताकत के साथ काम करता रहे, इसलिए पूरे विभाग की जिम्मेदारी है कि वह निगरानी करते रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में लोगों को संवैधानिक अधिकार दिए हैं। हमारे अनेक मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार भी एक अधिकार है।

- पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने पदभार संभाला
- खाद्य आयोग को सभी राशन दुकानों का निरीक्षण करने की जवाबदारी




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री दयाल दास बघेल, रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, विधायक धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, रिकेश सेन, रोहित साहू, संपत अग्रवाल, मोतीलाल साहू, डोमन लाल कोर्सेवाडा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, महापौर मीनल चौबे, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, अमरजीत छाबड़ा, चंदूलाल साहू, राजीव अग्रवाल, , अनिल चंद्राकर, प्रहलाद रजक, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, शशांक शर्मा, राकेश पांडे,अशोक बजाज जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, अशोक बजाज, श्याम नारंग, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, सोमेश पांडेय,छगन मूंदड़ा, गौरीशंकर श्रीवास, सत्यम दुवा, मुकेश शर्मा, बृजेश पांडे, राजीव चक्रवर्ती, सुनील चौधरी, अशोक पांडेय, चंद्रशेखर साहू, अकबर अली, सुभाष तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# केस वापस लेने भाजपा नेता के दबाव से घर छोड़कर भागने मजबूर हुए बलवा पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एक पखवाड़ा पूर्व खम्हारडीह थाना क्षेत्र की घटना
- बलवा, हत्या की कोशिश के आरोप में पुलिस अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है

खम्हारडीह थाना क्षेत्र के भावना नगर में एक पखवाड़ा पूर्व घर के सामने कचरा फेंकने के विवाद पर मारपीट तथा बलवा मामले में पीड़ित पक्ष आरोपियों की ओर से मिल रही धमकी तथा एक भाजपा नेता द्वारा केस वापस लेने दबाव बनाने के डर से घर छोड़कर भागने को मजबूर हो गया है। पुलिस ने बलवा के मामले में अब तक कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। घटना के मुख्य आरोपी तथा उसका एक अन्य साथी अब तक फरार है।

भावना नगर निवासी राकेश चंद्र तिवारी ने संजय चौधरी तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ आठ जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राकेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि संजय चौधरी उसके घर के सामने रोज कचरा फेंक देता है। सात जुलाई को राकेश ने संजय को अपने घर के सामने कचरा फेंकते देखा। इस पर राकेश ने संजय को अपने घर के सामने कचरा फेंकने से मना किया। इस बात से नाराज होकर संजय अपने साथी हिस्ट्रीशीटर बदमाश यासिन शेख उर्फ लाल सोनू उसका भाई और भतीजा के अलावा वसीम बाबू तथा अपने अन्य गुर्गों के साथ राकेश के घर घुसकर राकेश तथा उसके अन्य परिजनों के साथ मारपीट कर उन पर जानलेवा हमला किया था। पहले दिन पुलिस ने राकेश की शिकायत पर अपराध दर्ज नहीं किया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आने पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया।

### केस वापस लेने दबाव के साथ धमकी

राकेश तिवारी तथा उनके परिजनों पर जानलेवा हमला के आरोप में एक भाजपा नेता का रिश्तेदार जेल में बंद है। जानकारी के मुताबिक भाजपा नेता राकेश तिवारी पर केस वापस लेने दबाव बना रहा है। इसके साथ ही मारपीट का मास्टर माइंड वसीम बाबू तथा लाल सोनू अपने गुर्गे भेज राकेश तिवारी को धमका रहे हैं। धमकी तथा केस वापस लेने दबाव से बुरी तरह से डरे राकेश तिवारी घर छोड़कार भागने को मजबूर हो गए हैं। पुलिस फरार आरोपी वसीम बाबू तथा लाल सोनू की पतासाजी कर रही है।

## बिजनेस साइट

### रायपुर का मैग्नेटो मॉल बना देश का 'मोस्ट एक्सपीरिएंशियल मॉल'





**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित अविनाश मैग्नेटो मॉल को राष्ट्रीय स्तर पर 'मोस्ट एक्सपीरिएंशियल मॉल' के खिताब से नवाजा गया है। यह सम्मान इमेजेस शॉपिंग सेंटर अवॉर्ड्स 2025 के तहत 'मोस्ट एडमायर्ड शॉपिंग सेंटर ऑफ द ईयर : एक्सपीरिएंशियल मॉल' श्रेणी में मिला। यह पुरस्कार मॉल की बेहतरीन ग्राहक सेवा, आधुनिक सुविधाओं और मनोरंजन के अनोखे अनुभव के लिए दिया गया। सम्मान समारोह गोवा के ग्रैंड हयात होटल में आयोजित हुआ, जहां देशभर के प्रमुख रिटेल ब्रांड्स और मॉल प्रतिनिधि शामिल हुए। रायपुर की ओर से सीओओ राज कुजूर, मार्केटिंग हेड आभा गुप्ता और रामा मैग्नेटो समूह के वीरेंद्र चंद्राकर ने सम्मान ग्रहण किया।

मैग्नेटो मॉल के प्रबंध निदेशक प्रियांक सिंघानिया ने इसे रायपुरवासियों की जीत बताया। यह उपलब्धि रायपुर को देश के प्रमुख रिटेल और सांस्कृतिक गंतव्यों में स्थापित करती है।

### बीआईएस का सीमेंट मानकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न




**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा 24-25 जुलाई को सीमेंट के विभिन्न मानकों पर आधारित दो दिवसीय कैप्सूल कोर्स का सफल आयोजन किया गया। इसमें सीमेंट उद्योग से जुड़े 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआईएस रायपुर के निदेशक एसके गुप्ता ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को सीमेंट मानकों की महत्ता समझाते हुए प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में फालेंद्र कुमार ने विभिन्न मानकों, स्कीम ऑफ इंस्पेक्शन व परीक्षण विधियों पर विस्तृत जानकारी दी। आशीष अग्रवाल ने बीआईएस की विविध गतिविधियों पर प्रकाश डाला, जबकि दीपक कुमार साहू ने संशोधित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। अंतिम सत्र में प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों ने नेशनल बिल्डिंग मैटेरियल्स लैब, उरकुरा का दौरा भी किया। यह कार्यक्रम गुणवत्ता नियंत्रण में उद्योग को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

### विश्व आईवीएफ दिवस पर एमएमआर हॉस्पिटल ने दी नई आशा



**रायपुर।** विश्व आईवीएफ दिवस के अवसर पर एमएमआर अस्पताल आईवीएफ एंड किडनी केयर सेंटर, माता कौशल्या विहार (कमल विहार) रायपुर ने बांझपन से जूझ रहे दंपत्ति के लिए आशा का संदेश दिया। यह दिन उन जोड़ों को समर्पित है, जो मातृत्व या पितृत्व का सपना संजोए हैं। आईवीएफ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें महिला के अंडाणु और पुरुष के शुक्राणु को लैब में निषेचित कर भ्रूण को गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। डॉ. अनुराधा टिबरेवाल चौधरी, जो 20 वर्षों से अधिक का अनुभव रखती हैं, एमएमआर अस्पताल में मरीजों को उच्च गुणवत्ता की व्यक्तिगत देखभाल और उन्नत आईवीएफ सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

### न्यू भारत स्वीट्स के नए स्टोर का शुभारंभ देशी घी की मिठाइयों की विस्तृत रेंज



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित न्यू भारत स्वीट्स के दूसरे स्टोर का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड के पास खोले गए स्टोर की पहली ब्रांच को मिली शानदार रिस्पांस के बाद संचालक रोहिताश राणा और शंभू भैया ने इस नए स्टोर की शुरुआत की है। इस अवसर पर कई स्थानीय नागरिकों और मिठाई प्रेमियों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। न्यू भारत स्वीट्स में कोलकाता, राजस्थान और दिल्ली से आए अनुभवी कारीगरों द्वारा तैयार की गई पारंपरिक मिठाइयों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। स्पेशल शाही गुलाब जामुन, स्पेशल डोडा बर्फी, मोतीचूर केसरिया लड्डू जैसी मिठाइयां ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। साथ ही रसगुल्ला, रसमलाई, काजू कतली, सोनपापड़ी सहित कई अन्य स्वादिष्ट मिठाइयां भी उपलब्ध हैं। मिठाइयों के अलावा यहां छोले-भटूरे, अमृतसरी कुलचे, पनीर टिक्का, साउथ इंडियन डिशेज, मशरूम टिक्का और चाट जैसे विविध स्नैक्स भी परोसे जा रहे हैं। संचालकों के अनुसार, सभी मिठाइयां शुद्ध देशी घी में तैयार की जाती हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# 6 माह में 55 अधिकारी-कर्मचारी हुए रिटायर नगर निगम ने सभी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर के अधिकारी सहित 55 कर्मचारी पिछले 6 माह में रिटायर हुए हैं। इन सभी रिटायर अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, आयुक्त विश्वदीप, सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्ष अनामिका सिंह ने अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी सेवा के बदले श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




### अधिकारी-कर्मचारियों की जायज मांग पूरी करने हर संभव प्रयास करूंगी- मीनल चौबे

महापौर मीनल चौबे ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों के लिए निगम अधिकारी-कर्मचारी एकता संघ के लगातार प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों की जो भी जायज मांगे हैं, उन्हें पूर्ण करवाने हर संभव प्रयास करेंगी। महापौर ने कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी रिटायर होता है, तो उनके सम्मान में यह व्यवस्था भी की जाएगी कि उन्हें उनके निवास तक छोड़ा जाए, साथ ही उनके स्वत्वों का भुगतान समय पर किया जाए। महापौर ने कहा कि शहर तेजी के साथ विकसित हो रहा है। शहर में जो विकास की गंगा बही है, उसमें निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि रिटायर हुए अधिकारी-कर्मचारी अपने अनुभव के आधार पर निगम में अच्छे कार्य करने का सुझाव दे सकते हैं।

### अधिकारी-कर्मचारियों की मेहनत से बनती है छवि : विश्वदीप

आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि सेवानिवृत्ति पर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान करना एवं उनके स्वत्वों का भुगतान करना निगम प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे जब से निगम आये है तब से यह देख रहे हैं कि वरिष्ठ से कनिष्ठ श्रेणी तक सभी अधिकारी-कर्मचारी मेहनत से काफी अच्छा कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत से ही शहर में प्रशासन, शासन की छबि बनती है।

### जोन में भी होना चाहिए सम्मान कार्यक्रम : राठौड़

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अगर जोन कार्यालय से रिटायर होते हैं, तो उनके सम्मान में जोन कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिटायर हुए कर्मचारी को रिटायर के दिन सम्मानपूर्वक घर छोड़ने की भी सुविधा दी जानी चाहिए।

### इन्हें किया सम्मानित

सेवानिवृत्त कर्मचारियों में राजेंद्र वर्मा, अभय श्रीवास्तव, प्रीतम सिंह कोटटे, श्रीमती विमला, श्रीमती रानी, नित्या, शीला, सुभांगनी, बीसो बाई यादव, कमला, काशी, वल्लम शर्मा, राजेश करडभुजे, हुमसिंग गायकवाड, परसराम सिन्हा, अजय, शकुन, गजानंद गोदरे, चंद्रकला, कृष्णा, पदमा, बरातु निषाद, गोवर्धन साहू, लक्ष्मी, चन्द्रहास ठाकुर, बसंत राम कुर्रे, लीला, अंबिका सुनिता, सकीना, दिलीप, हरिशंकर, गौरी, छीता कुसुम बनमाली आशा बाई, चंद्रायन सिंह ठाकुर, सुनील सिंह रघुवशी, दुर्गेश यादव, आनंद शर्मा, बाहरू धीवर, अशोक गिरी गोस्वामी, शकुतला, निर्मला, उमाशंकर त्रिपाठी, योगीराज वाल्दे, प्रमोद शर्मा, ए.के. हालदार, विमल शर्मा, अमर सिंह डहरिया, मोहम्मद अमीन, विजय सिंह ठाकुर, भरत वर्मा, जगदेश्वर मेहरा शामिल हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री से मिला धोबी समाज लांड्री टेंडर के संबंध में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सिम्स बिलासपुर के शासकीय चिकित्सालय में लॉन्ड्री निविदा में करोड़ों का टर्नओवर मांगे जाने की शिकायत धोबी समाज के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की हे। समाज के लोगों ने रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी के निर्देशन में स्वास्थ्य मंत्री को बताया, जिन लोगों ने इस प्रकार से टर्नओवर मांगा है, इन्हें लॉन्ड्री का कार्य करने वाले पैतृक व्यवसायिक धोबी नहीं चाहिए, बल्कि व्यापारी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने जमकर नाराजगी जाहिर की और अपने अधीनस्थ अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट मंगवाने और जिन लोगों ने इस प्रकार से विवादास्पद टेंडर निकलवाया है, सबको रद्द करने तथा धोबी समाज के लोग टेंडर ले सकें, इस प्रकार से टर्नओवर बनवाएं आदि निर्देश दिए। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, प्रथम महामंत्री हेमंत निर्मलकर, छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, छत्तीसगढ़िया नेता लख नारायण तिवारी, बिलासपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिकेश पांडे, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर, बिलासपुर जिला संगठन प्रभारी रामायण रजक आदि शामिल रहे।




02 सावन की फुहारों संग लौटी बचपन ...

## सिटी लाइव

### कॉलेज में पढ़ाई से पहले स्टूडेंट्स का किया स्वागत, भ्रमण कर जानीं सुविधाएं



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशल कॉलेज में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम से ग्रांड वेलकम किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत नवप्रवेशी विद्याार्थियों के स्वागत के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉलेज के शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से परिचय कराना रहा। इस कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल एवं कॉलेज की सेक्रेटरी सरिता अग्रवाल शामिल हुईं। कॉलेज के पहले दिन की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा मॉर्निंग प्रेयर से हुई, जिससे पूरा कॉलेज सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पूरे कॉलेज परिसर का कैम्पस विजिट किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों की जानकारी स्टूडेंट्स से साझा की। साथ ही लाइब्रेरी, प्लेसमेंट सेल, रोवर-रेंजर, जेसीआई, स्पोर्ट, म्यूजिक और अन्य सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के बीच फोटोग्राफी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया, जिसमें नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर की रचनात्मक झलक को कैमरे में कैद किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। वेलकम डांस की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

#### राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता रोवर रेंजर्स का सम्मान

कार्यक्रम के अंतिम चरण में एलुमिनी विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए नवप्रवेशियों का उत्साहवर्धन किया एवं एलुमिनी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे नवप्रवेशी विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली। पिछले सत्र के कक्षा टॉपर्स को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 रोवर रेंजर को सम्मानित किया गया। 2 रोवर रेंजर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता छात्रों को हाल ही 22 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया। जिन्हें महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में सभी शिक्षक, विभागाध्यक्ष एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम इंचार्ज डॉ. ऋषि पांडे रहे।

## सिटी इवेंट

### विसर्जन के बाद पौधों में बदलेंगे मिट्टी के गणेश बच्चे घरों में खुद ही बना रहे इको फ्रेंडली प्रतिमाएं



**रायपुर।** गणेशोत्सव को लेकर बाजारों से लेकर घरों तक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार कई परिवारों में बच्चे और अभिभावक मिलकर घर पर ही गणेश प्रतिमा तैयार कर रहे हैं, जिसकी स्थापना कर विधिवत पूजा की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता का असर बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है। इस बार बाजार में फूलों और फलों के बीजों से बनी प्रतिमाएं भी उपलब्ध हैं, जो लोगों की पहली पसंद बनती जा रही हैं। इन प्रतिमाओं की खासियत ये है कि विसर्जन के बाद ये मूर्तियां मिट्टी में गलकर पौधों का रूप ले लेंगी। कई लोग अब अपने घर में ही प्रतिमा का विसर्जन करते हैं, ऐसे में बीजयुक्त मूर्तियां पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बन रही हैं। हरिभूमि ने जब मूर्तिकारों से बात की तो उन्होंने बताया कि इस बार मिट्टी से बनी ईको-फ्रेंडली मूर्तियों की मांग में इजाफा हुआ है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की तुलना में मिट्टी की मूर्तियां न सिर्फ प्रकृति के अनुकूल हैं, बल्कि पानी को भी प्रदूषित नहीं करतीं।

#### घर पर ही चिकनी मिट्टी से बना रहे प्रतिमाएं

स्टेशन रोड निवासी लुणावाडा परिवार पिछले 40 साल से अपने 20 सदस्यों के साथ पारंपरिक तरीके से गणेश चतुर्थी को मना रहे हैं। प्रीति लुणावाडा का कहना हैं कि बच्चे व बड़े मिलकर घर पर ही चिकनी मिट्टी से प्रतिमाएं बनाते रहे हैं। पारंपरिक तरीके से घर पर 10 से 12 दिनों तक विधि-विधान के साथ गणपति बप्पा की स्थापना और उनकी पूजा-अर्चना करेंगे। प्रीति लुणावाडा कहती हैं, इस वर्ष परिवार के साथ धूमधाम से बप्पा को विदाई देंगे। लुणावाडा परिवार पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए घर में ही पानी के ड्रम में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। वे आगे कहती हैं, जिस तरह पूजा-पाठ से जीवन का संतुलन बना रहता है, उसी तरह हमें अपने पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना है।

#### घर में विसर्जन का संकल्प

इस बार भी घरो-घर मिट्टी की मूर्तियां बनाने के साथ मार्केट से मिट्टी की मूर्तियों की खरीदारी की जा रही है। श्याम नगर निवासी डॉ. संगीता अरविंद नेरल कहती हैं कि हर साल की तरह इस बार भी घर में पानी के ड्रम में गणेश प्रतिमा को विसर्जत करेंगी। इसके लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे लगभग 8 से 10 वर्षों से घर पर ही मूर्ति विसर्जित करती हैं। विसर्जित मूर्ति पानी में रातभर रहने से गिली मिट्टी का रूप में ले लेती है और उसमें खाद मिलाकर मिट्टी को तैयार कर लिया जाता है। तैयार मिट्टी को गमलों में डालकर फिर उसमें बीज डालकर घर के गार्डन में रख देते हैं। आनंद नगर निवासी ज्योति ने बताया कि इस साल भी मूर्ति घर पर ही विसर्जित करेंगी। वो लगभग 8 साल से मूर्ति को घर पर ही विसर्जित करती हैं और उस मिट्टी को अपने गार्डन में रखे 120 गमलों में डालती हैं। वे आगे कहती हैं, इससे गार्डन हरा-भरा एवं सुंदर बना रहता है। इस प्रक्रिया से पर्यावरण दूषित नहीं होता। इस वर्ष अपने परिवार के साथ मिलकर मूर्ति घर पर ही बनाएंगी।



## सेवानिवृत्त सैनिक ने सुनाई कारगिल विजय दिवस की दास्तान

# 17 की उम्र में थामा कारगिल युद्ध का मोर्चा, पहाड़ी पर थे तैनात पिता, युद्ध के बाद हुई थी मुलाकात

**कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, साल 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच यह युद्ध हुआ था। 27वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 255 रेजिमेंट से विपिन कुमार द्विवेदी से विशेष बातचीत हरिभूमि टीम ने की, जो कारगिल युद्ध के दौरान सिपाही के तौर पर युद्धभूमि में तैनात रहे थे। उन्होंने कारगिल युद्ध की जीवंत यादों को शब्दों में बयां करने की कोशिश की है।**



#### पिता ने प्लाटून हवलदार के रूप में जिम्मा संभाला

विपिन कुमार ने बताया कि युद्ध के दौरान महाराष्ट्र के वायडी कोलकर शहीद हुए थे, तब हम दोनों अच्छे मित्र हुआ करते थे। उस दौरान पाकिस्तान के आरटी सिलेंडर के टुकड़े से मौके पर ही शहीद हो गए, जिनकी वीरता मुझे आज भी याद है। युद्ध की शुरुआत से ही पिता 'प्लाटून हवलदार' के रूप में अग्रिम मोर्चे पर तैनात थे। उन्होंने न केवल अपने दायित्वों को निभाया, बल्कि साहस के साथ दुश्मनों की गोलियों की परवाह किए बिना पहाड़ की चोटी पर चढ़ते रहे।

**रायपुर।** कारगिल युद्ध के दौरान विपिन 17 वर्ष 5 माह के युवा थे, जिन्होंने कारगिल युद्ध की शुरुआत से ही अपनी अहम भूमिका निभाई। पूर्व सैनिक विपिन ने बताया कि युद्ध का माहौल कुछ ऐसा था कि दिन और रात का फर्क ही मिट गया था। भारत के जवान लगातार दिन-रात तोप और भारी हथियारों के साथ हमला कर रहे थे। उस वक्त लगातार 2 से 5 हफ्ते तक मैं बिना नींद लिए लगातार युद्धभूमि में डटा रहा। इस युद्ध में मेरे साथ मेरे पिताजी भी लड़ रहे थे, जो मुझसे दूर अगली पहाड़ी पर तैनात थे। वो पैदल सेना में नियुक्त किए गए थे।





हम दोनों एक ही युद्धभूमि में थे, लेकिन फिर भी आपस में मिल नहीं सके। कई बार मन करता था कि बस एक झलक मिल जाए, लेकिन हमारी जिम्मेदारियां उससे बड़ी थीं। आज जब उस समय को याद करता हूं तो गर्व होता है कि एक ही परिवार के दो लोग एक साथ देश की रक्षा में तत्पर रहे। उस वक्त कब सुबह से रात और रात से सुबह हो जाती थी, पता नहीं चलता था। यह अनुभव दिल को झकझोर देने वाला है।

#### कारगिल विजय दिवस पर तिरंगा रैली

छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पहले दिन एक देशभक्ति से ओतप्रोत बाइक रैली के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों और सैन्य मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद कौशल यादव चौक पर श्रद्धांजलि और माल्यार्पण के साथ हुई। वहीं बाइक रैली आकाशवाणी चौक, कलेक्ट्रेट चौक, शंकर नगर, तेलीबांधा तालाब होते हुए शहीद स्मारक भवन में समाप्त हुई। इस अवसर पर सभी बाइक्स पर तिरंगा लहराता रहा, जहां पूर्व सैनिक देशभक्ति गीतों के साथ शहीद जवानों को याद करते नजर आए। रैली में शहरवासियों में भी देशभक्ति और उत्साह की लहर देखने को मिली। लोगों ने जगह-जगह रैली का स्वागत किया और सैनिकों को सलाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता के विशेष सदस्य डॉ. उदयभान उपस्थित रहे। उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों की शौर्यगाथा और त्याग का अमर प्रतीक है।

#### आज शहीद वीर परिवारों का सम्मान

पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि शनिवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। शहर स्थित शहीद स्मारक भवन में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, शहीद परिवारों का सम्मान, कारगिल योद्धाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जहां देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखने को मिलेगा। इस अवसर पर कर्नल आरपी पाण्डेय, कारगिल योद्धा शहीद कौशल यादव की परिजन निशा यादव, कारगिल योद्धा मेजर संजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटाबेस की पढ़ाई के लिए युवाओं में बढ़ रही दिलचस्पी

**रायपुर।** शहर के युवाओं में एआई और डेटाबेस स्टडी को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। मैथ्स ग्रुप से 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं एआई और डेटा साइंस में बी-टेक की डिग्री लेने इंट्रेस्ट दिखा रहे हैं। इसकी वजह एआई और डेटाबेस साइंस में कॅरियर की असीम संभावनाओं को देखते हुए स्टूडेंट्स की पहली पसंद बनी है। युवाओं के इस उत्साह को बढ़ाने के काम में सरकारी व गैरसरकारी संगठन आगे आ रहे हैं। राज्य सरकार जहां एआई और डेटा साइंस में बी-टेक की डिग्री लेने वाले स्टूडेंट्स को 50 हजार रुपए की मासिक स्कॉलरशिप के अलावा ट्यूशन फीस उपलब्ध करा रही है। वहीं जेसीआई जैसे सोशल ग्रुप प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने आर्थिक मदद मुहैय्या करा रहे हैं। वहीं प्रदेश में एआई और डेटाबेस सेंटर्स स्थापित किए जा रहे हैं, जहां दिशा में एआई



और डेटा साइंस में बी-टेक की डिग्री लेने वाले युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। एनआईटी रायपुर में डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया सॉफ्ट कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग तकनीक, डेटा माइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस कंप्यूटर नेटवर्क, इमेज प्रोसेसिंग के विशेषज्ञ हैं। उनका कहना है कि एआई और डेटाबेस स्टडी को लेकर ढेरों संभावनाएं खुली हैं। कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग तकनीक, डेटा माइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस कंप्यूटर नेटवर्क, इमेज प्रोसेसिंग की ओर दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

#### रायपुर में डेटाबेस की पढ़ाई के लिए कुछ प्रमुख इंस्टिट्यूट

एनआईटी रायपुर- ट्रिपलआईटी के अलावा रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यहां कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में डेटा साइंस में विशेषज्ञता उपलब्ध है, जिसमें डेटाबेस की पढ़ाई एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैट्स यूनिवर्सिटी यह विश्वविद्यालय विभिन्न यूजी, पीजी और डिप्लोमा कोर्स प्रदान करता है, जिनमें बीटेक और एमसीए जैसे कोर्स शामिल हैं, जहां डेटाबेस संबंधित विषय पढ़ाए जाते हैं। आईटीएम यूनिवर्सिटी यह इंजीनियरिंग और रिसर्च के स्कूल में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और एमसीए जैसे प्रोग्राम प्रदान करती है, जिनमें डेटाबेस सिस्टम की पढ़ाई शामिल है।

## बॉलीवुड मूवी 'जोरा जोरावर' में नजर आएंगे शहर के आर. रामकुमार

**रायपुर।** राजधानी के आर. रामकुमार बॉलीवुड निर्देशक राजीव राय की एक्शन थ्रिलर फिल्म जोरा में नजर आएंगे। यह फिल्म 8 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रामकुमार का कहना है कि फिल्म 'जोरा' के बाद इसका दूसरा भाग 'जोरा जोरावर' भी आने वाला है, जो 3 महीने के भीतर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में वे महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। 2016 से एक्टिंग कर रहा हूं। थिएटर ने मुझे अभिनय की असली समझ दी।



राजीव राय जैसे निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। कहना है कि जोरा' एक तेज रफ्तार एक्शन फिल्म है, जो नए अंदाज में दर्शकों के सामने पेश होगी। यह फिल्म न केवल दर्शकों के लिए रोमांचक अनुभव लाएगी, बल्कि उभरते कलाकारों के लिए भी बड़ा मंच साबित होगी।

## देश-दुनिया में रक्षाबंधन पर्व को लेकर उत्साह का माहौल, बहनों ने भाइयों तक प्यार पहुंचाने की ढेरों तैयारियां

# विदेशों में भाइयों की कलाईयों पर सजेगा बहनों का प्यार एयर डाक से पहुंचेंगी रेशम की डोरियां सात समुंदर पार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** रक्षाबंधन पर शहर की बहनें अपने सरहद पार गए भाइयों के लिए राखियां, मिठाई, कुमकुम-चंदन डाक लिफाफे में संजोकर भेज रही हैं। इन दिनों शहर के डाकघरों में अपने विदेश में रहने वाले भाइयों के लिए बहनों का प्यार देखते ही बन रहा है। बहनें घंटे दो घंटे डाकघरों में लाइन में खड़ी रहकर सात समुंदर पार भाइयों के नाम राखियां पोस्ट कर रहीं हैं। राखियां पोस्ट करती बहनों की चेहरों पर उत्साह के साथ ही अपने भाइयों के लिए भावुकता साफ झलक रही है। देश-विदेश में रह रहे भाइयों को राखियां भेजने बहनें महीनेभर पहले ही तैयारियों में जुटी रहती हैं, ताकि भाइयों तक रक्षाबंधन से पहले ही राखियां समय पर पहुंच जाएं। इसके लिए उन्होंने बाजार से राखियां, मिठाई, कुमकुम-चंदन समेत अन्य आवश्यक सामान की खरीदारी पहले ही कर रखी है। शहर के मुख्य डाकघर जयस्तंभ चौक में कनाडा में रह रहे भाई के लिए राखी भेजने पहुंचीं नेहा अग्रवाल ने बताया कि

**एयर डाक से पहुंचेंगी बहनों की राखियां :** जयस्तंभ चौक डाकघर के पोस्ट मास्टर जगमहेश डडसेना ने बताया कि विदेश के लिए पोस्ट की जा रहीं राखियां एयर डाक के माध्यम से संबंधित देशों तक निर्धारित समय पर पहुंचेंगी। वहीं देश के भीतर रेल डाक, डाक वैन के माध्यम से राखियों को पार्सल किया जाएगा। रक्षाबंधन के अवसर पर रखियों के पार्सल को पहली प्राथमिकता से निर्धारित समय पर संबधित देश, राज्य और शहरों तक पहुंचाने डाक सर्विस ने पूरी तैयारी की है, ताकि भाइयों की कलाईयों पर बहनों का प्यार बांधा जा सके।







उनका भाई कनाडा में पढ़ाई के लिए गया हुआ है। रक्षाबंधन पर भाई के लिए राखी व मिठाई स्पीड पोस्ट करने आई हूं। उन्होंने बताया कि वह महीनेभर पहले से अपने भाई को राखियां भेजने की तैयारी कर रही हैं। वहीं राजस्थान में रह रहे अपने भाई को राखियां पोस्ट करने पहुंचीं संतोष राजपुरोहित ने बताया कि वे राजस्थान की रहने वाली हैं, फिलहाल रायपुर में रहती हैं, उनका भाई राजस्थान में रहता है। भाई के लिए स्पीड डाक पोस्ट के जरिए राखियां पोस्ट करने पहुंची हूं। इस तरह बड़ी संख्या में बहनें डाकघरों में देश-विदेश के लिए राखियां पोस्ट करने पहुंच रही हैं।

#### सबसे ज्यादा इन देशों के लिए भेजी जा रहीं राखियां

जयस्तंभ चौक डाकघर के इंटरनेशनल राखी पार्सल के लिए बने विशेष काउंटर नंबर-3 से मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूके, स्पेन, जर्मनी, चेक रिपब्लिकन जैसे देशों में रह रहे भारतीय भाइयों के लिए बहनें राखियां डाक पार्सल करा रहीं हैं। डाकघर के इंटरनेशनल राखी पार्सल विशेष काउंटर नंबर-3 पर रोजाना 50 से 60 राखियों के पार्सल पहुंच रहे हैं।

#### देश के अंदर भी बड़ी संख्या में भेजी जा रहीं राखियां

बिहार, ओडिशा, मुंबई, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर समेत लगभग सभी राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ में रह रहीं बहनें अपने भाइयों को राखियां व मिठाई डाक पोस्ट से भेज रही हैं। इस तरह से एक शहर से दूसरे शहर में रह रहे भाई-बहनों का प्यार डाक पोस्ट के माध्यम से भाइयों तक पहुंच रहा है। रक्षाबंधन को लेकर देश से लेकर विदेश तक उत्साह का महौल देखने को मिल रहा है।

## सिटी लाइव

# ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट की मेजबानी करेगा सीआईआई




**रायपुर।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) नया रायपुर के मे-फेयर लेक रिसोर्ट में ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट के चौथे संस्करण की मेजबानी करने जा रहा है। यहां एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी होगी। यह दो दिवसीय समिट भारत एवं विदेशों से आए 400 से भी अधिक प्रतिनिधियों की मेजबानी का अवसर होगा। इनमें अमेरिका, कोरिया, फिनलैंड, जर्मनी और स्वीडन के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह समिट स्टील और माइनिंग की पूरी श्रृंखला से जुड़े नीति निर्धारकों, निर्माताओं व प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, विशेषज्ञों और अकादमिक जगत के लोगों को एक मंच पर लाने काा प्रयास है। पत्रकारवार्ता में यह जानकारी सीआईआई के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष बजरंग गोयल के साथ सीआईआई छत्तीसगढ़ प्रमुख श्वेता सौगन ने दी।

### 8 सत्र में भाग लेंगे 40 से अधिक वक्ता

इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। साथ ही औद्योगिक विकास के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश भी डालेंगे। इस अवसर पर अतिथि थेसलेफ, भारत में स्वीडन के राजदूत भी शिरकत करेंगे। साथ ही मंत्री लखनलाल देवांगन एवं ओपी चौधरी मंचस्थ रहेंगे। समिट में कुल 8 सत्र होंगे और इसमें 40 से अधिक वक्ता भाग लेंगे। 30 से अधिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी स्टॉल, जहां क्लीन एनर्जी समाधानों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और स्टील व माइनिंग कंपनियों के बीच सहयोग का माध्यम से सजाई जाएगी।

## सिटी इवेंट

# अहंकारी को शिव की माया मोहित करती है समर्पित भक्त को मिलता है विवेक का वरदान



**रायपुर।** शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में चातुर्मास प्रवचनमाला में श्री शिवपुराण कथा प्रसंग में शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि भगवान शिव विवेक और मोह दोनों के प्रेरक हैं। भगवान शंकर अपने भक्तों का मोह दूर भी करते हैं और मोह देते भी हैं तथा विवेक भी प्रदान करते हैं। जिन भक्तों के मन में अभिमान होता है, भगवान शिव की माया उनको मोहित कर देती है और जो पूर्ण रूप से भगवान शिव पर समर्पित हो जाते हैं, उनको ही सबकुछ समझते हैं तो भगवान उनके मोह को दूर कर विवेक प्रदान करते हैं।

### अभिमान के वशीभूत होकर प्राणी बड़े से बड़ा अपराध कर देता है

नारद मोह के प्रसंग की चर्चा में बताया कि भगवान अपने भक्त के प्रियवादी नहीं, अपितु हितकारी होते हैं। जो अपने भक्त के लिए हित में हो, वही काम भगवान करते हैं, श्री भगवान का संकल्प है कि अपने भक्त के अभिमान को वह स्थिर नहीं होने देते हैं। भगवान की प्रतिज्ञा है कि जन अभिमान न राखहु काऊ। अभिमान व्यक्ति के पतन का कारण बनता है, अभिमान के वशीभूत होकर प्राणी बड़े से बड़ा अपराध कर देता है, श्रेष्ठ से श्रेष्ठ व्यक्तियों का अपमान कर देता है, परिणामस्वरूप उसका शीघ्रपतन हो जाता है। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वान तथा जगद्गुरुकुलम के वृक्ष वालकों ने मंगलाचरण पूर्वक आरती की तत्पश्चात स्वामीजी महाराज ने भगवान शिव की दिव्य अमृतमयी कथा उपस्थित भक्त समुदाय को सुनाई।

## सावन महोत्सव की मची धूम, पारंपरिक खेल-संस्कृति में बचपन की यादों को किया ताजा

# सावन की फुहारों संग लौटी बचपन की स्मृतियां, तिंया महोत्सव में छलका बेटियों का प्रेम, हिंडोले में दिखी संस्कृति की मिठास

*शहर में सावन माह के विशेष अवसर पर विभिन्न कृष्ण मंदिरों व सामाजिक संस्थाओं द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जहां शहरवासी हर्षोल्लास के साथ सावन थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं।*




**रायपुर।** संस्थाओं में पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर महिलाएं महोत्सव का आनंद लेने शामिल हो रही हैं। इस अवसर पर अशोका रतन स्थित एक रेस्टोरेंट में गोविंद सेवा समिति की महिलाओं द्वारा 'तिंया महोत्सव' का आयोजन किया गया, यह उत्सव पंजाबी समुदाय की महिलाओं द्वारा सावन के उपलक्ष्य पर ही मनाया जाता है। तिंया महोत्सव सावन माह में मनाया जाता है, इसमें विवाह के बाद बेटियां एक माह के लिए अपने मायके लौटती हैं और अपनी बचपन की सहेलियों के साथ समय बिताती हैं। यह पर्व न केवल सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है, बल्कि महिलाओं के बीच सामाजिक और भावनात्मक जुड़ाव को भी सशक्त बनाता है।

### युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़े रखने की पहल

शुक्रवार को आयोजित तिंया महोत्सव में महिलाएं पंजाबी परिधान में नजर आईं, जहां उन्होंने परंपरागत खेल, गीत-संगीत के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने बचपन की यादों को ताजा किया, साथ ही सावन झूला भी सजाया। समिति की संचालिका अमरजीत कौर ने बताया कि पारंपरिक त्योहारों को जीवंत रखने के लिए तिंया महोत्सव का आयोजन किया गया, ताकि युवा पीढ़ी को भी संस्कृति से जोड़ा जा सके।

### सावन सुंदरी का खिताब सीमा को

सरयू आराधना महिला मंडल द्वारा सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में श्रृंगार कर उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सावन सुंदरी का खिताब सीमा ओझा को दिया गया, वहीं गायन में इंदिरा पांडेय, सुजाता शुक्ला, सीमा ओझा और नव्या ओझा ने मनमोहक सावन गीतों पर प्रस्तुतियां दीं। नृत्य प्रतियोगिता में राजकुमारी मिश्रा और रौनक त्रिपाठी ने दर्शकों को राजस्थानी घूमर और चूड़ी मजा न देगी...जैसे सावन गीतों पर मंत्रमुग्ध किया। फैंसी ड्रेस में रेणुका शुक्ला और ज्योति त्रिपाठी ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लता शुक्ला ने की।





### महिलाओं ने सैनिकों को राखी भेजकर किया सम्मान

हरसंभव फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए राखियां भेजकर प्रेम और आशीर्वाद प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण का संकल्प लिया। संस्था की अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी ने बताया कि सावन के शुभ अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संस्था की महिलाएं छायादार पेड़ लगाएंगी, साथ ही देखरेख का जिम्मा संस्था की महिलाओं का होगा।

### गोकुलचंद्रा मंदिर में 2 हजार पान के पत्तों से सजाया हिंडोला

बुढ़ापारा स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर में 2000 पान के पत्तों व फूलों से हिंडोला सजाया गया। साथ ही झूमर को करौंदा फल, पान, सदा सुहागन फूल और पीले, गुलाबी, लाल, मेहरून गुलाब के फूलों से सजाया गया। अद्भुत दृश्य का दर्शन करने शहवासियों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में नजर आई। शुक्रवार को तैयार भव्य मंदिर में चार श्रद्धालुओं ज्योति परमार, भागवत साहू, उर्वशी सोनी और आशा पुरोहित ने चार घंटे की कड़ी मेहनत से हिंडोला तैयार किया। हिंडोला उत्सव के खास अवसर पर सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में भी श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया, जहां देर शाम तक सभी भक्ति भजनों पर झूमते-गाते नजर आए। इस अवसर पर हरियाली थीम पर पूरा मंदिर परिसर सजाया गया, जहां 15-20 प्रकार के फूल और केले के पत्तों से श्रीकृष्ण के लिए हिंडोला सजाया गया। श्री कृष्ण, ग्वाल व सखियां भी हरे रंग के पोशाक में नजर आईं।



### सावन उत्सव में रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन भी



शहर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर समिति के सदस्यों ने शिवलिंग पर रुद्राभिषेक, पूजन-अर्चना, मंगल आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने बताया कि सावन माह के विशेष अवसर पर महिलाओं के लिए सावन सुंदरी स्पर्धा का भी आयोजन किया गया, इसमें अर्चना तिवारी प्रथम, विनिता मिश्रा द्वितीय व सुमन पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

टैगोर नगर पटवा भवन में उपाध्याय प्रवर मनीष सागर महाराज के प्रवचन

# शांत मन से ही मिलती है सही दिशा अपेक्षाएं बढ़ाएंगी राग-द्वेष और दुख

**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में शुक्रवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर महाराज ने कहा कि जो समविभाग नहीं करता, उस जीव का मोक्ष नहीं होता है। जो इतना स्वार्थी है कि अपनी प्राप्त सामग्री में से यदि किसी को आवश्यकता होते हुए भी नहीं दे सकता तो वह राग-द्वेष में उलझा रहता है। जब व्यक्ति किसी को थोड़ा भी नहीं दे पाएगा तो राग-द्वेष रहित जीवन को कैसे जी पाएगा। स्वार्थ रहित जीवन कैसे पाएगा, इसलिए सुपात्र दान देना चाहिए। सदैव दया का भाव, दान का भाव रखना चाहिए, क्योंकि स्वार्थ घटने पर ही दया और दान संभव है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन मे सबसे पहला काम होता है मन को शांत रखना। आप जब अपने मन को शांत रखोगे, तभी सबके मन को शांत रख पाओगे। विपरीत परिस्थितियों में हमेशा शांत रखना चाहिए। शांत रहकर ही हमेशा सही निर्णय कर पाओगे। संसार में इच्छा शक्ति करो तो राग बढ़ता है। इच्छा की थोड़ी उपेक्षा हो जाए, मन-मुताबिक नहीं हो तो व्यक्ति द्वेष करता है। राग में सर्वस्व लुटाने की कोशिश करता है और द्वेष में आकर सर्वस्व छीन जाता है। संसार में अपेक्षा इंसान को दुखी करती है।



### साहस की कमी के कारण अधूरे रास्ते में रुक जाते हैं : हंसकीर्ति

दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने कहा कि धर्म-आराधना करते समय मन में उत्साह होना चाहिए, क्योंकि जितना उत्साह होगा, धर्म उतना ही प्रभावी होगा। उत्साह तीन मूल शब्दों से बना है, पहला है उमंग। किसी भी कार्य की शुरुआत करने से पहले मन में उमंग होनी चाहिए। उमंग के बिना किया गया कार्य केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। दूसरा है साहस, उमंग तो कई लोग लाते हैं, लेकिन साहस की कमी के कारण अधूरे रास्ते में रुक जाते हैं। साहस का अर्थ है अपने पास की चीजों का त्याग करना, साथ ही उन फलों का भी त्याग करना, जो भविष्य में मिलने वाले हैं। तीसरा है हिम्मत, अपने साथ-साथ दूसरों को भी आगे बढ़ाने का सामर्थ्य, दूसरों की सहायता करने का भाव। केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी कार्य करने की हिम्मत होनी चाहिए। कई लोग सात्विक जीवन जीते हैं, लेकिन गलत संगत के कारण व्यसनों में फंस जाते हैं। जीवन में वातावरण का गहरा असर होता है।



# शत्रुंजय महातप के तपस्वियों का हुआ तीसरा पारणा, कल से होगा तपस्वी भैरव महापूजन



**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट व भावोल्लास चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में नाकोड़ा भैरव सोसायटी भवन में तीसरा पारणा 100 से अधिक तपस्वियों के साथ संपन्न हुआ। प्रियदर्शी विजय महाराज साहब व तीर्थप्रेम विजय महाराज ने पारणा स्थल पर पहुंचकर तपस्वियों को आशीर्वाद व मांगलिक प्रदान किया। सेवा में चातुर्मास समिति, भैरव भक्त मंडल और विमल महिला मंडल की अहम भागीदारी रही। 27 जुलाई को भैरव महापूजन का आयोजन होना है, जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। 200 से अधिक जोड़ों को पूजन वस्त्र वितरित किए गए हैं। महापूजन भारतवर्ष के प्रसिद्ध विधि आचार्यश्री मनोज बाबूलाल हरण के मार्गदर्शन में संपूर्ण विधि-विधान से संपन्न होगा। इसके लिए 8000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया गया है। पूजन में 17 परिवार सह पूजन पीठ में बैठेंगे, जबकि मुख्य पूजन पीठ में लाभार्थियों को 27 जुलाई को पूजन का विशेष लाभ प्राप्त होगा।

### प्रत्येक जोड़े को दी पूजन सामग्री

*भैरव महापूजन में भाग लेने वाले प्रत्येक जोड़े को समिति की ओर से एक धोती-दुपट्टा, एक साड़ी, पूजन सामग्री एवं बैठका प्रदान किया जा रहा है। इस आयोजन में भैरव भक्त मंडल एवं श्री अरिहंत कलाकृति मंडल अपनी सेवाएं पूर्ण समर्पण भाव से दे रहे हैं। पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम में पूजन में शामिल होने वाले जोड़ों में विशेष उत्साह देखा गया। पूजन 27 जुलाई को सुबह 8.30 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर समिति ने सभी जोड़ों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है। भैरव पूजन के पश्चात स्वामी वात्सल्य (प्रसादी/भोज) की व्यवस्था भी ट्रस्ट व समिति द्वारा की गई है। इस संबंध में जानकारी सुरेश बाघमार एवं मूलचंद लुंकड़ ने साझा की।*

# अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निशुल्क भोजन व विश्राम की व्यवस्था

**रायपुर।** सावन माह की पवित्रता और शिवभक्ति की ऊर्जा इन दिनों अमरकंटक में विशेष रूप से देखने को मिल रही है। कबीरधाम जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कांवड़िये भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए अमरकंटक पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम में 6 अगस्त तक निःशुल्क सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है। इस सेवा केंद्र में कांवड़ यात्रियों को सुबह की चाय व नाश्ता, दोपहर और रात्रि का सात्विक भोजन, विश्राम स्थल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला बोल बम समन्वय समिति द्वारा अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में अब तक इस सेवा केंद्र से 85 बोल बम समिति के 18 हजार से अधिक कांवड़िये लाभान्वित हो चुके हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कांवड़ियों की सेवा में जुटा है जिला बोल बम समन्वय समिति



### विभिन्न जिलों से पहुंच रहे भक्त

*शुक्रवार के दिन लगभग 2 हजार से अधिक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। समिति के सदस्य अनिल ठाकुर, दाउवा गुप्ता, मंजीत बैरागी, निशांत झा, रामसिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्य दिन-रात यात्रियों की सेवा में तत्पर हैं। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि इतनी श्रद्धा और सम्मान के साथ यहां सेवा हो रही है कि हम खुद को विशेष महसूस कर रहे हैं। अमरकंटक की घाटियों में गूंजते "बोल बम" के जयकारों के बीच यह सेवा केंद्र भक्ति, सेवा संवेदनशीलता का सुंदर संगम बन गया है। कबीरधाम से आए सैकड़ों श्रद्धालु जैसे ही मृत्युंजय आश्रम पहुंचे, वहां जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हर भक्त के चेहरे पर संतोष, श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव झलक रहा था।*

### राष्ट्रपति भवन में मंत्रीप्त कौर को मिला रोवर-रेंजर अवार्ड




**रायपुर।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में भारत सरकार द्वारा मंत्रीप्त कौर संधू को रोवर-रेंजर अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंत्रीप्त छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख सलाहकार गुरजीत सिंह की सुपुत्री हैं। यह प्रतिष्ठित अवार्ड स्वयं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मंत्रीप्त को उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए सराहा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोवर-रेंजर अवार्ड युवाओं के नेतृत्व कौशल, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन चुनिंदा युवाओं को मिलता है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरणाश्रोत बनते हैं। मंत्रीप्त कौर संधू की इस उपलब्धि पर पूरे राज्य में हर्ष का वातावरण है। उनके परिवार, शिक्षकों एवं सामाजिक संस्थाओं ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

### सिंधु डॉक्टर्स फोरम की नई टीम का शपथ ग्रहण



**रायपुर।** सिंधु डॉक्टर्स फोरम ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान नई टीम के स्वागत के साथ सभी को उनके कर्तव्य के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण समारोह में टीम को समाज के प्रति उनके कर्तव्यों को समझाया गया कि निष्ठापूर्वक मरीजों का इलाज करें। कार्यक्रम का सेरीखेड़ी के होटल शेमरॉक ग्रीन्स में समापन हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में शदाणी दरबार के संत शिरोमणि साईं डॉ. युधिष्ठिर लाल, नई टीम के पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष और टीम के सदस्यों सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। सिंधु डॉक्टर्स फोरम अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व के लिए जाना जाता है। फोरम समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता है। सिंधु डॉक्टर्स फोरम की नई टीम में डॉ. विनोद आहूजा को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष का कार्यभार डॉ. निखिल मोतीरमानी व डॉ. अजीत शदाणी ने संभाला। सचिव का पद डॉ. नवीन खूबचंदानी और नेहा वाधवा को मिला।



## सिटी स्पोर्ट्स

### टी-20 में छत्तीसगढ़ की जीत सलोनी ने लिए 2 विकेट



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी-20 अभ्यास मैच 2024-25 जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ का पहला मैच पुडुच्चेरी के विरुद्व पुडुच्चेरी में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 145 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक जोडी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, सृष्टि शर्मा ने 42 रन तथा एश्वर्या सिंह ने 35 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त तरन्नुम पठान ने भी 16 रनों की उपयोगी पारी खेली। पांडेचेरी की ओर से प्रत्युषा ने 2 विकेट प्राप्त किये। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुडुच्चेरी 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 139 रन ही बना सकी। पुडुच्चेरी की ओर से युवाश्री ने 64 रन तथा सयाली ने 31 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर सलोनी डंगोरे ने 2 विकेट प्राप्त किए, प्रीति यादव तथा प्रतिज्ञा सिंह ने 1-1 विकेट लिया। छत्तीसगढ़ ने मैच 6 रनों से यह मैच जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल रायपुर में



**रायपुर।** पावर लिफ्टिंग एसोसिएशनएवं टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर के तत्वाधान में 5 वीं छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 27 जुलाई को सिंधी धर्मशाला लाखेनगर चौक रायपुर में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार और महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे करेंगी। विशेष अतिथि पार्षद सरिता दुबे, सुमन पांडेय पार्षद नगर निगम रूपेश रहांगडाले, नेता विश्व हिंदू परिषद समाज सेवी सतबीर सिंह जुनेजा, डा मूलचंद पृथ्वानी अध्यक्ष सिंधी धर्मशाला और श्रवण ठाकुर सरपंच जामगाव करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुनील सोनी रायपुर दक्षिण विधायक, विशेष अतिथि जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, पार्षद दीपक जायसवाल, पार्षद मनोज वर्मा, नगर निगम रायपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल और जैतू साव मठ व्यायाम शाला के अध्यक्ष रेवाराम यदु होंगे।

### राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग-कुश्ती में रायपुर विजेता और पेंड्रा उपविजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था व दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधन में 5वीं राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग-कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें राज्य भर के कई जिलों से आए 175 से भी अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गी-इवैंट -11 वर्ष-बालिका वर्ग में: -22 किलो में दीनिका दीक्षित-स्वर्ण (रायपुर), -27 किलो में आराध्या मुदलियार-स्वर्ण (रायपुर), -30 किलो में वेदिका सैनी-स्वर्ण (रायपुर), गज़ल साहू-रजत (बिलासपुर), रिद्धी यादव-कांस्य (दुर्ग), -34 किलो में भूमिका यादव-स्वर्ण (दुर्ग), चंचल शर्मा (रायपुर), आयुषी चहर (रायपुर), -42 किलो में श्रीनिका दीक्षित व -46 किलो में श्रीजल कुरमावर (रायपुर) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नोगी-इवैंट -11 वर्ष-बालिका वर्ग में: -38 किलो में पूर्वी चौरे-स्वर्ण (गरियाबंद) व -42 किलो में ईशिका टंडन (गरियाबंद) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। गी- इवेंट -11 वर्ष-बालक वर्ग में: -22 किलो में दीवान शर्मा-स्वर्ण (रायपुर), रुद्र-रजत (रायपुर), देवेश जंघेल (दुर्ग), -27 किलो में संकल्प निषाद-स्वर्ण (रायपुर), आदर्श-रजत (बिलासपुर), कविश कुमार व अनुराज सिंह (रायपुर)- कांस्य पदक, -30 किलो में मानित अग्रवाल-स्वर्ण (रायपुर), अर्शदीप सिंह-रजत (रायपुर), -34 किलो में भव्य शर्मा-स्वर्ण (रायपुर), संजू सिहाग-रजत (रायपुर), -46 किलो में आयुष यादव, -50 किलो में राघव शर्मा, व जशवीर सिंह (रायपुर) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नोगी-इवैंट -11 वर्ष-बालक वर्ग में: -22 किलो में सतेन्द्र श्याम-स्वर्ण (पेंड्रा), शिवान सिंह ठाकुर-रजत (पेंड्रा), -27 किलो में राज कुमार-स्वर्ण (गरियाबंद), आदर्श गुप्ता-रजत (पेंड्रा), -34 किलो में कॉमन बंजारे (गरियाबंद), -42 किलो में हर्ष कुमार साहू (गरियाबंद), व -70 किलो में अभिनव सिंह ठाकुर (गरियाबंद) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। गी- इवेंट -13 वर्ष-बालिका वर्ग में: -27 किलो में सानवी भोतमांगे-स्वर्ण (रायपुर)शामिल है।

### बदलती जीवनशैली ने बच्चों को भी अपनी चपेट में ले लिया, सावधानी जरूरी

# बच्चों का बढ़ता वजन दे रहा गंभीर बीमारियों को न्यौता, जानिए मोटापे की वजह और बचाव के तरीके

बचपन में मोटापा बढ़ने के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। बच्चों में शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे बाहर कम खेलना, दौड़-भाग में कमी, आउटडोर गेम्स में न हिस्सा लेना इसका प्रमुख कारण है। मोटापा वैश्विक स्तर पर बढ़ती एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, सभी उम्र के लोगों में इसका खतरा देखा जा रहा है। मोटापा के कारण टाइप-2 डायबिटीज से लेकर हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल से लेकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। बच्चों में बढ़ते मोटापा की समस्या को सेहत के नजरिए से काफी गंभीर माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी माता-पिता को सलाह देते हैं कि वह सुनिश्चित करें कि बच्चे का वजन बढ़ने न पाए। कम उम्र में मोटापा सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याएं भी पैदा कर सकता है। अगर इसे समय रहते रोक लिया जाए तो भविष्य की कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है जागरूकता, सही लाइफस्टाइल और दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव। आइए इस बारे में आगे विस्तार से समझते हैं।



### कम उम्र में वजन बढ़ने का कारण



बचपन में मोटापा बढ़ने के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। बच्चों में शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे बाहर कम खेलना, दौड़-भाग में कमी इसका प्रमुख कारण है। ज्यादा बैठे रहने की आदत जैसे ऑनलाइन क्लास, फास्ट फूड और प्रोसेस्ड चीजों के अधिक सेवन की आदत को स्वास्थ्य विशेषज्ञ मोटापे का प्रमुख कारण मानते हैं।

### मानसिक रोगों का भी बढ़ जाता है खतरा?

कम उम्र में वजन बढ़ने की स्थिति भविष्य में अवसाद, चिंता और तनाव जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को ठीक रखने और इस प्रकार की जटिलताओं के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक की वजन कंट्रोल में रखने के लिए प्रयास बहुत आवश्यक हैं। कम उम्र से ही कुछ उपाय करके बच्चे के वजन को कंट्रोल रखा जा सकता है।

### वजन बढ़ने से कैसे रोका जाए?

कुछ बातों का ध्यान रखकर न सिर्फ वजन को कंट्रोल रखा जा सकता है साथ ही उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद मिल सकती है। स्वस्थ भोजन और नियमित शारीरिक गतिविधि सबसे आवश्यक है। सुबह का नाश्ता दैनिक आहार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें मौसमी फल-जूस, दूध और डेयरी उत्पादों को शामिल करें। सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद ले रहे हैं। जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें मोटापे का जोखिम अधिक होता है। इसके साथ अपना स्क्रीन टाइम भी कम कर लें।

### इन बातों पर भी दें ध्यान

वजन को कंट्रोल रखने के लिए कम उम्र से ही कुछ आदतों को दिनचर्या में जरूर शामिल करें। हर दिन कम से कम 30–45 मिनट तेज चलना, दौड़ना, योग या डांस जैसी गतिविधि जरूर करें। घर का बना, कम तेल वाला और संतुलित भोजन करें। फलों, सब्जियों, दालों की मात्रा बढ़ाएं। कोल्ड ड्रिंक, केक, बिस्किट और पैकेज्ड स्नैक्स का सेवन कम से कम करें। मोबाइल या लैपटॉप पर समय सीमित करें। 7–8 घंटे की नींद शरीर को रिलैक्स करती है और वजन कंट्रोल रखने में भी सहायक है।





## हाई प्रोटीन डाइट से हो सकते हैं गंभीर नुकसान, संतुलन जरूरी

प्रोटीन, मांसपेशियों के निर्माण से लेकर हड्डियों और दांतों को मजबूत करने के लिए जरूरी है, लेकिन कुछ बीमारियों में अधिक प्रोटीन वाले आहार का सेवन नहीं करना चाहिए। जब भी बात शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की आती है तो प्रोटीन की सबसे ज्यादा चर्चा होती है। बॉडी बिल्डिंग हो या वजन घटाना, हर कोई हाई प्रोटीन डाइट की तरफ तेजी से आकर्षित हो रहा है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ज्यादा प्रोटीन हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं हो सकता?

दरअसल, हाई प्रोटीन डाइट का चलन जितना बढ़ा है, उससे जुड़े साइड इफेक्ट्स और रिस्क पर उतनी चर्चा नहीं होती। कई शोध बताते हैं कि ज्यादा प्रोटीन का सेवन कुछ लोगों के लिए फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकता है।

हाई प्रोटीन डाइट का मतलब है कि आप दिन भर में जितनी कैलोरी का सेवन करते हैं उसका 25% से 35% हिस्सा प्रोटीन से आता है। इसमें अंडे, चिकन, मछली, पनीर, दालें, प्रोटीन पाउडर जैसी चीजों का सेवन अधिक और कार्ब्स की मात्रा कम कर दी जाती है। पर ये सभी के लिए फायदेमंद हो ऐसा जरूरी नहीं है।



### प्रोटीन का अधिक सेवन हो सकता है नुकसानदायक

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी है, लेकिन कई स्वास्थ्य समस्याओं में अधिक प्रोटीन का सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। प्रोटीन मांसपेशियां बनाने से लेकर हड्डियों और दांतों को मजबूत करने के लिए जरूरी है, लेकिन कुछ बीमारियों में अधिक प्रोटीन वाले आहार का सेवन नहीं करना चाहिए। यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए उच्च प्रोटीन आहार यूरिक एसिड के स्तर को और बढ़ा सकता है, जिससे समस्या बढ़ सकती है। इसलिए आप चोकर युक्त आटा, भुट्टा, बेकरी के खाद्य पदार्थ के सेवन से बचें। इसके अलावा उड़द, मांस, मछली, सेम, सहजन, पालक, मटर, मशरूम चुकंदर, कद्दू के बीज का सेवन न करें। आप चिकित्सक की सलाह के अनुसार कम प्रोटीन वाले आहार को अपना सकते हैं।

### किडनी की बढ़ सकती है दिक्कत

हाई प्रोटीन डाइट से किडनी को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे किडनी संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, खासकर उन लोगों में, जिन्हें पहले से किडनी की समस्याएं हैं। जिन लोगों को क्रॉनिक किडनी डिजीज की समस्या हो उन्हें आहार में कोई भी बदलाव डॉक्टर के सलाह पर ही करना चाहिए। आप चिकित्सक से पूछकर पौधे आधारित प्रोटीन, जैसे- फलियां, मेवे और बीज, साबुत अनाज तथा सोया का सेवन कर सकते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी. बी. मिश्रा कहते हैं, अधिक प्रोटीन खाने से वजन बढ़ता है, साथ ही पाचन संबंधी समस्याएं गुर्दे पर दबाव और निर्जलीकरण भी हो सकता है। इसलिए अपना आहार परिवर्तन करने से पहले चिकित्सक से सलाह जरूर लें।



## कुकिंग स्टाइल पर ध्यान दें, अपनाएं सही तरीका

अगर सब्जियों को ओवरकुक कर लिया जाए, तो इससे डिश का रंग, स्वाद और पौष्टिकता तीनों खराब हो जाते हैं। इसलिए समय आ गया है कि हम अपनी कुकिंग स्टाइल पर ध्यान दिया जाए।

### कम तेल का इस्तेमाल करें

खाना पकाते समय ज्यादा तेल का इस्तेमाल न सिर्फ खाने को भारी बना देता है, बल्कि इससे पोषक तत्व भी नष्ट हो सकते हैं। तेल में ज्यादा देर तक तलने या फ्राई करने से उसमें मौजूद अच्छे तत्व पूरी तरह से नष्ट हो जाते हैं। इसलिए आप कम मात्रा में सरसों का तेल का इस्तेमाल करें।

### दाल को कुकर में ज्यादा न पकाएं

दालों को प्रेशर कुकर में पकाना तेज और आसान तरीका है, लेकिन अगर आप ज्यादा सीटी लगाते हैं, तो इससे दाल में मौजूद विटामिन B और प्रोटीन टूटने लगते हैं। इसलिए जरूरत से ज्यादा दाल पकाना ठीक नहीं है।

### सब्जियों को पहले धोएं, फिर काटें

कई लोग आदतवश सब्जियों को काटने के बाद धोते हैं, लेकिन यह तरीका गलत है। इसलिए हमेशा सब्जियों को बहते पानी में अच्छी तरह धोकर ही काटें। वहीं, हरी पत्तेदार सब्जियों को 10-15 मिनट नमक वाले पानी में भिगोकर फिर धोएं।

### कुकिंग में ढक्कन का इस्तेमाल करें

जब हम बिना ढक्कन के सब्जियां पकाते हैं, तो गर्मी और भाप के साथ-साथ कई जरूरी



विटामिन और मिनरल्स उड़ जाते हैं। वहीं, ढक्कन लगाने से खाना जल्दी पकता है और स्वाद भी बेहतर बनता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कुकिंग करते वक्त ढक्कन का इस्तेमाल करें।

### सही कुकिंग करने के हैक्स

सब्जियों को काटने से पहले अच्छी तरह से धोएं। फिर काटने के बाद मौजूद विटामिन और मिनरल्स कम हो जाते हैं। सब्जी बनाते वक्त कम पानी का इस्तेमाल करें, क्योंकि ज्यादातर सब्जियां जरूरत से ज्यादा पक जाती हैं और भाप बनकर निकल जाती है। सब्जियों को ज्यादा देर तक पकाने से उनका रंग, स्वाद और पोषण तीनों खराब हो जाते हैं। बस उतना पकाएं कि वे हल्की नरम या कुरकुरी रहें। कई सब्जियों और फलों के छिलकों में पोषण भरपूर होता है। जैसे गाजर, खीरा और आलू का छिलका भी फाइबर और विटामिन से भरपूर होता है। पकाते समय बर्तन को ढकने से न सिर्फ खाना जल्दी पकता है, बल्कि पोषक तत्व भी बचे रहते हैं।

## हरियाली तीज पर जलाएं दीया दूर होगा पति का हर संकट

हरियाली तीज के दिन अगर पूर्ण श्रद्धा से भगवान शिव और माता पार्वती के आगे दीपक जलाया जाए तो इससे पति पर आया हर संकट दूर हो जाता है। तो चलिए जानते हैं कि हरियाली तीज पर कौन सा दीया जलाना चाहिए। हरियाली तीज का व्रत जो भी सुहागिन महिला रखती है उसका वैवाहिक जीवन सुख-सौभाग्य से भर जाता है। इस साल हरियाली तीज 27 जुलाई को पड़ रही है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने बताया कि हरियाली तीज के दिन अगर पूर्ण श्रद्धा से भगवान शिव और माता पार्वती के आगे दीपक जलाया जाए तो इससे पति पर आया हर संकट दूर हो जाता है। तो चलिए जानते हैं कि हरियाली तीज पर कौन सा दीया जलाना चाहिए। हरियाली तीज के दिन आटे का दीपक जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही, घर में सुख-शांति स्थापित होती है। वैवाहिक जीवन की नकारात्मकता दूर होने लगती है। अगर किसी सुहागिन महिला के दांपत्य जीवन में बहुत क्लेश रहता है या फिर जीवनसाथी से अनबन होती रहती है तो ऐसे में हरियाली तीज के दिन शिवलिंग के समक्ष आते का दीया अवश्य जलाएं। आपको लाभ होगा।



आटे का दीपक किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए जलाया जाता है। यह दीपक जलाने से भगवान शिव और माता पार्वती शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की इच्छाएं पूरी करते हैं। ऐसे में हरियाली तीज के दिन आटे का दीपक जलाते हुए अगर किसी मनोकामना हेतु संकल्प लिया जाए तो वह इच्छा शिव-शक्ति जरूर पूरी करते हैं। विशेष रूप से अगर पति के स्वास्थ्य के लिए ऐसा किया जाए तो फायदा होता है।हरियाली तीज के दिन आटे का दीपक शिवलिंग के समक्ष जलाने से पितरों का क्रोध शांत होता है।





















